
आज बाल दिवस

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-248 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 14 नवम्बर 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

असम में मिनी बस और कंटेनर ट्रक की आमने-सामने भीषण टक्कर, 26 लोगों की दर्दनाक मौत



गुवाहाटी (आरएनएस)। असम के विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा नेशनल पार्क के समीप शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। यहां राष्ट्रीय राजमार्ग-715 (N H-715) पर एक यात्री मिनी बस और सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक के बीच आमने-सामने की इतनी जबरदस्त टक्कर हुई कि मौके पर ही चीख-पुकार मच गई। इस भीषण दुर्घटना में अब तक कम से कम 26 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस और प्रशासन ने आशंका जताई है कि घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।

तेज रफ्तार और गति सीमा के उल्लंघन के कारण बेकाबू हुई मिनी बस

गोलाघाट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) स्वप्ननील डेका ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर कोहोरा रेंज के अंतर्गत हाथीकुली टी एस्टेट के पास रंगाजन इलाके में हुआ। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यात्री मिनी बस काफी तेज रफ्तार में चल रही थी और राष्ट्रीय उद्यान के आसपास लागू गति संबंधी प्रतिबंधों (स्पीड लिमिट) का खुलेआम उल्लंघन कर रही थी। आशंका है कि अत्यधिक गति के कारण चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और बस सीधे सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भयानक थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे के तुरंत बाद पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त बस के भीतर से शवों तथा घायलों को बाहर निकाला। हालांकि, बस में कुल कितने यात्री सवार थे, इसकी अभी तक स्पष्ट पुष्टि नहीं हो पाई है।

मंत्री अतुल बोरा ने संभाला मोर्चा, गंभीर घायल जोरहाट मेडिकल कॉलेज रेफर

दुर्घटना की सूचना मिलते ही असम के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा स्थानीय विधायक अतुल बोरा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और स्वयं राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी शुरू की। गोलाघाट के जिला आयुक्त (डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर) बिस्वजीत फुकन ने बताया कि हादसे में घायल हुए लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी कोहोरा मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि जिन यात्रियों की हालत अत्यंत गंभीर है, उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर किया गया है।

सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने जताया गहरा दुख, दिए बेहतर इलाज के निर्देश

इस हृदयविदारक दुर्घटना पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संदेश जारी करते हुए कहा कि काजीरंगा में हुई इस दुखद घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि दुख की इस घड़ी में पूरा असम पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

भारत समेत दुनिया भर में ठप पड़ीं माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं, आउटलुक और टीम्स इस्तेमाल नहीं कर पाए यूजर्स



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत समेत दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं ठप पड़ गई, जिसके कारण यूजर्स आउटलुक और टीम्स जैसे प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल नहीं कर पाए। यूजर्स को इन प्लेटफॉर्म्स में भारी आउटेज का सामना करना पड़ा है। आउटेज-ट्रैकिंग वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर डॉट कॉम' पर आउटलुक से जुड़ी समस्याओं की 1 लाख से अधिक रिपोर्ट दर्ज की गईं। इस रुकावट का असर ओपनएआई और एंथ्रोपिक की एआई सेवाओं में इस्तेमाल होने वाले कनेक्टर्स पर भी पड़ा।माइक्रोसॉफ्ट ने एक बयान में कहा, हम इस समस्या के असर को कम करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं।" कंपनी ने यह भी बताया कि वह अपने एडमिन सेंटर के जरिए लगातार अपडेट दे रही है।अपने ताजा अपडेट में माइक्रोसॉफ्ट ने बताया कि यह समस्या 'बड़ी संख्या में सर्वरों के अचानक ठप हो जाने' की वजह से आई है। हालांकि कंपनी ने इसके सटीक कारण नहीं बताए। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि वह अभी भी इस आउटेज की जांच कर रही है।माइक्रोसॉफ्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी कि उसके कुछ इंफ्रास्ट्रक्चर पर 'बहुत अधिक लोड' आ गया है और वे इस लोड को संतुलित करने के लिए कनेक्शन ट्रैफिक को अपने वैश्विक इंफ्रास्ट्रक्चर पर फिर से बांट रहे हैं।टेक कंपनी ने बताया कि उसकी टीम ने सभी नए डिप्लॉयमेंट रोक दिए हैं, प्रभावित इंफ्रास्ट्रक्चर से ट्रैफिक को दूसरी जगह भेजा जा रहा है और प्रभावित सर्वरों को फिर से शुरू किया जा रहा है, ताकि सेवाएं बहाल हो सकें। कंपनी का कहना है कि इस आउटेज से उसका 'डिफेंडर एक्सडीआर' सुरक्षा सिस्टम भी प्रभावित हुआ है।इससे पहले, माइक्रोसॉफ्ट ने बताया था कि उसने उत्तरी अमेरिका में 'टीम्स' सेवा में आई रुकावट को ठीक कर लिया है और समस्या पूरी तरह सुलझ गई है। बाद में कंपनी ने कहा कि यह समस्या अन्य क्षेत्रों के उपयोगकर्ताओं के लिए 'माइक्रोसॉफ्ट 365' सेवा की कनेक्टिविटी को भी प्रभावित कर सकती है।

मध्यप्रदेश में नया जिला बनाने की तैयारी, पिछोर बनेगा प्रदेश का 56वां जिला

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के प्रशासनिक और भौगोलिक मानचित्र में एक बार फिर से विस्तार होने जा रहा है, क्योंकि राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को शिवपुरी जिले के अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक क्षेत्र पिछोर को एक नया जिला बनाए जाने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। पिछोर में आयोजित एक विशाल और भव्य जनसभा एवं सरकारी कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की बहुचर्चित लाडली बहना योजना की बयालीसवीं किस्त भी जारी की, जिसके तहत उन्होंने एक ही क्लिक के माध्यम से प्रदेशभर की लाखों पात्र लाडली बहनों के बैंक खातों में योजना की निर्धारित सहायता राशि सीधे अंतरित की।पिछोर बनेगा मध्य प्रदेश का छप्पनवां नया जिलाकार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्पष्ट शब्दों में घोषणा की कि पिछोर को अब एक स्वतंत्र और पूर्ण जिला बनाया जाएगा।

विंग कमांडर बना देश का दुश्मन, न्यूड तस्वीरों के लालच में पाकिस्तान को लीक कर दी वायुसेना की खुफिया जानकारी



नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय वायुसेना के एक विंग कमांडर पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को देश की बेहद संवेदनशील सैन्य जानकारियां उपलब्ध कराने का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने इस मामले में दिल्ली की अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, अधिकारी कथित तौर पर पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में था और निजी तस्वीरों के बदले भारतीय वायुसेना से जुड़ी गोपनीय जानकारियां साझा कर रहा था। उसे करीब पांच महीने पहले गिरफ्तार किया गया था।पुलिस की चार्जशीट में दावा किया गया है कि विंग कमांडर ने पाकिस्तानी एजेंट के साथ युद्ध की योजनाओं से जुड़े दस्तावेज, ड्रोन की क्षमताओं, सैन्य ठिकानों पर तैनाती, अग्रिम मोर्चे पर लड़ाकू विमानों की आवाजाही और संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों के भौगोलिक निर्देशांक साझा किए थे। जांचकर्ताओं के अनुसार, इस तरह की जानकारी दुश्मन देश के हाथ लगने से भारतीय सेना की रणनीतिक तैयारियों और ऑपरेशनल क्षमताओं को नुकसान पहुंच सकता था।पुलिस के अनुसार, आरोपी अधिकारी 12 जनवरी से 1 अप्रैल के बीच व्हाट्सऐप के माध्यम से संदिग्ध पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में था।

लाड़ली बहनों को मिली राशि है भाईदूज का उपहार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 1.24 करोड़ बहनों को अंतरित की 1831 करोड़ रूपए की सम्मान राशि पिछोर को परिसीमन आयोग की अनुशंसा पर जिला बनाया जाएगा

भोपाल, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रदेश की सभी बहनों को आत्मनिर्भर, आर्थिक रूप से समृद्ध बनाकर इनके जीवन में खुशहाली लाने के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहनें हमारा मान है, सम्मान है। बहनों से ही हर घर में रौनक है। इनके स्वाभिमान की रक्षा कर हम इन्हें स्वावलंबी बना रहे हैं। बहनों के स्वावलंबी बनने से ही प्रदेश में समृद्धि आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हमारे देश को भी माता का दर्जा मिला है। दुनिया में भारतवासी ही हैं, जो अपने देश को माता के रूप में पूजते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को शिवपुरी जिले के पिछोर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पिछोर से लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1 करोड़ 24 लाख 81 हजार 550 पात्र लाड़ली बहनों को 42वीं किश्त के रूप में 1831 करोड़ रूपए से अधिक की सम्मान राशि (प्रत्येक को





1500-1500 रूपए) सिंगल क्लिक से पात्र बहनों के बैंक खातों में अंतरित कर भाईदूज का उपहार दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में मप्र राज्य आजीविका मिशन में कार्य कर रहे 5.5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों को भी नगद साख सीमा के रूप में सिंगल क्लिक से 200 करोड़ रूपए से अधिक की सहायता राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां 221.22 करोड़ रूपए की लागत के कुल 121 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण कर शिवपुरी जिलेवासियों को दीपावली की सौगात दी। इसमें 186.23 करोड़ रूपए की लागत वाले 85 कार्यों का भूमि-पूजन और 35 करोड़ रूपए की लागत के 36 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

लाड़ली बहना योजना: महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सम्मान का मजबूत आधार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश की बहनों के सामाजिक सम्मान, वित्तीय स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी पहल है, जिसे राज्य सरकार निरंतर और अधिक सशक्त बना रही है। जून 2023 में शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत शुरुआत में महिलाओं को 1,000 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाती थी, जिसे चरणबद्ध तरीके से बढ़ाते हुए अक्टूबर 2023 में 1,250 रुपए और नवंबर 2025 से बढ़ाकर 1,500 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। वर्तमान में यह निर्धारित सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे पात्र महिलाओं के आधार-सक्रिय बैंक खातों में पारदर्शी रूप से अंतरित की जा रही है, जिससे नारी शक्ति को नया संबल मिल रहा है।

नगर और नगर पालिका के लिए नासूर बना हुआ है नर्मदा तट का नाला

नपाध्यक्ष, विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री भी नहीं कर पाए समस्या का निदान





दलदल और बदबू से परेशानी

इस क्षेत्र में रहने वाले वरिष्ठ नागरिक नरेंद्र तिवारी और राजेश तिवारी ने बताया कि नाले का पानी सड़क पर बहने से दलदल और बदबू की समस्या उत्पन्न हो रही है। हर दिन लाखों गैलन गंदा पानी और शहर का सीवेज श्रद्धालुओं की परेशानी का कारण बना हुआ है।

सीवरेज प्रोजेक्ट में बिलंब

नर्मदा में नालों को मिलने से रोकने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से सीवर लाइन और फिल्टर प्लांट की योजनाएं बनती बिगडती रही हैं। जबाबदारों की ढिलाई के कारण नालों के पानी के ट्रीटमेंट का काम अभी तक अधूरा ही है।

रियल टाइम वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम ठप

नर्मदा जी के प्रदूषण की जांच के लिए लगाया गया रियल टाइम वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम (RTWQMS) भी बंद पड़ा हुआ है, जिससे पानी की गुणवत्ता की सही निगरानी नहीं हो पा रही है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जताई थी नाराजगी

कुछ समय पूर्व ही प्रशासनिक और आयोग की नाराजगी. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने भी कोरी घाट के निरीक्षण के दौरान नाले के गंदे पानी को सीधे नर्मदा जी में मिलते देख तीखी नाराजगी जताई थी और तत्काल सुधार के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी सुस्त गति से काम हो रहा है।

कई नेता जल मंच से कई बार बोल चुके हैं झूठ

बलराम शर्मा

नर्मदापुरम। कोरी घाट के पास नर्मदा जी में मिलने वाला नाला नगर और नगर पालिका के लिए नासूर बना हुआ है। शहर भर की गंदगी से सराबोर रहने वाले नाले का गटर का गंदा पानी सीधे नर्मदा जी में कई वर्षों से गिरता चला आ रहा है। जो नेताओं को चिढ़ाता है। बीते चार दशक से नर्मदा प्रकटोत्सव के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षों से लेकर विधायकों, सांसदों, मंत्रियों तथा करीब आधी दर्जन मुख्यमंत्रियों ने जल मंच से मां नर्मदा की पूजन अर्चन करने के बाद मां नर्मदा को प्रदूशण मुक्त करने की झूठी बातें करते रहे हैं। लेकिन नाला आज भी मां नर्मदा में मिल रहा है। जिससे मां नर्मदा प्रदूषित होती है। फिलहाल नाले का पानी सड़क पर बहने से जो परेशानी हो रही है। उससे निजात कौन दिलाएगा?

आधी दर्जन नाले

शहर के मालाखेड़ी से भीलपुरा तक 5 किलोमीटर के दायरे में करीब आधा दर्जन छोटे-बड़े नाले सीधे नर्मदा में मिल रहे हैं। इनमें सबसे चर्चित है कोरी घाट का नाला। जो ओवरफ्लो होकर घाट की सीढ़ियों से बहता हुआ सीधे नर्मदा जी में मिलते हुए कर्ता धर्ताओं को खुली चुनौती देता है।

अब सड़कों पर भी आ रहा गंदा पानी

पूर्व में यह नाला नर्मदा जी में मिलता रहा है। इसमें सुधार के अनेक प्रयास हुए हैं। अब एक बार फिर कवायद हो रही है। कितनी सफल और कितनी असफल रहेगी यह तो समय बताएगा लेकिन इनता जरूर है कि इस गंदे नाले का पानी इन दिनों ओवर फ्लो होकर सड़क पर बह रहा है जिससे कार्तिक स्नान करने जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही इस क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को बहुत तकलीफ दे रहा है।



ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बढ़ी ब्रह्मोस की डिमांड, दक्षिण-पूर्व एशिया के कई देशों के साथ अंतिम चरण में डील



नईदिल्ली(आरएनएस)।भारत की स्वदेशी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस अब अपनी पहुंच बढ़ा रही है। खासकर दक्षिण-पूर्व एशिया में इसकी पहुंच तेजी से बढ़ रही है। फिलिपिंस को मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति होने और वियतनाम के साथ समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद अब क्षेत्र के कई अन्य देशों की भी इस घातक मिसाइल को खरीदने के लिए भारत के साथ बातचीत अंतिम चरण में है।'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद इस मिसाइल को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिलचस्पी बढ़ी है। जोशी ने बताया कि जब ये मिसाइलें बनाई गई थीं, तब 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी किसी स्थिति की कल्पना नहीं की गई थी। इनमें से कुछ मिसाइलें तो 10, 15 या 20 साल पुरानी हैं।उन्होंने बताया कि दशकों पहले निर्मित होने के बावजूद ये मिसाइलें पूरी तरह भरोसेमंद रहीं और जैसे ही इन्हें स्टोरेज से निकालकर दागा गया, इन्होंने बिल्कुल सटीक निशाना लगाया। इसका पूरा श्रेय नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग (NDT) तकनीक को जाता है। उन्होंने कहा, 'किसी भी उत्पाद के लिए NDT बहुत अहम भूमिका निभाती है।'ऑपरेशन सिंदूर' की कभी उम्मीद नहीं की गई थी।

K K

राजधानी समाचार





शनिवार 14 नवम्बर 2026,नर्मदापुरम् (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 2

आगामी 2 वर्षों में प्रदेश में स्थापित होंगे 22 नए चिकित्सा महाविद्यालय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

चिकित्सा महाविद्यालयों में बढ़ेंगीं 12 हजार से अधिक मेडिकल सीट्स
वर्तमान में 34 चिकित्सा महाविद्यालयों में उपलब्ध हैं 6050 एमबीबीएस सीट

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में चिकित्सा महाविद्यालय और एमबीबीएस सीटों की संख्या में वृद्धि के लिए सभी संभावनाओं का परीक्षण करते हुए तेजी से कार्यवाही की जाए। पीपीपी मॉडल अन्तर्गत बनने वाले बैतूल, कटनी, धार और पन्ना के चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य की सतत् मॉनीटरिंग हो। चारों चिकित्सा महाविद्यालयों का संचालन समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश चिकित्सा महाविद्यालय और एमबीबीएस सीटों के संबंध में मुख्यमंत्री निवास में हुई लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुरैना, गुना, भिंड, टीकमगढ़, अशोकनगर, बालाघाट, सीधी, खरगोन, शाजापुर, रायसेन और झाबुआ में पीपीपी मॉडल अन्तर्गत स्थापित होने वाले सभी 11 चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए नवीन निविदाएं तत्काल जारी की जाए। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई तथा श्रीमती रश्मि अरूण शमी उपस्थित थीं।



प्रदेश में होंगे 56 मेडिकल कॉलेज और 18050 एमबीबीएस सीट

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में प्रदेश में 20 शासकीय और 14 निजी चिकित्सा महाविद्यालय संचालित हैं। इनमें 6050 एमबीबीएस सीट उपलब्ध है। आगामी 2 वर्षों में 6 नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय क्रमशः छतरपुर, दमोह और बुधनी के भवन निर्माण पूर्ण हो चुके हैं। उज्जैन, राजगढ़ और मंडला का भवन निर्माण प्रगति पर है। इसके साथ ही बैतूल, कटनी, धार और पन्ना में पीपीपी मॉडल पर चिकित्सा महाविद्यालय संचालन के लिए अनुबंध निष्पादित किया जा चुका है। मुरैना, गुना, भिंड, टीकमगढ़, अशोक नगर, बालाघाट, सीधी, खरगोन, शाजापुर, रायसेन और झाबुआ सहित कुल 11 जिलों में पीपीपी मॉडल अन्तर्गत स्थापित किए जाने वाले चिकित्सा महाविद्यालय और एक नवीन निजी चिकित्सा महाविद्यालय सहित कुल 22 चिकित्सा महाविद्यालय आगामी 2 वर्षों में संचालित होंगे। इन 22 चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना तथा पूर्व से संचालित चिकित्सा महाविद्यालय में सीट वृद्धि से कुल 12000 एमबीबीएस सीट उपलब्ध होंगी। परिणाम स्वरूप आगामी 2 वर्षों में प्रदेश में 56 मेडिकल कॉलेज और 18050 एमबीबीएस सीट उपलब्ध होंगी। बैठक में संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अरूणा कुमार सहित लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

आयुक्त श्री भोंडवे ने छिंदवाड़ा में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

फायर स्टेशन, सीवरेज परियोजना एवं नगर निगम कार्यालय का लिया जायजा



भोपाल (आरएनएस)। नगरीय विकास एवं आवास विभाग आयुक्त तथा मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी प्रबंध संचालक संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय अधोसंरचना परियोजनाओं का मुख्य ध्येय नागरिकों को उत्कृष्ट, सुलभ एवं पर्यावरण-अनुकूल नागरिक सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा विश्वबैंक सहायतित सीवरेज परियोजना के मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) के प्रभावी व निरंतर संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री भोंडवे ने कहा कि शहरी व्यवस्था को स्वच्छ, सुदृढ़ और जन-आकांक्षी बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आयुक्त संकेत भोंडवे ने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत छिंदवाड़ा नगर निगम क्षेत्र में निर्माणाधीन आधुनिक फायर स्टेशन के कार्यों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर निर्माण की प्रगति एवं प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा कार्य को समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा संचालित एवं विश्वबैंक सहायतित सीवरेज परियोजना के मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) की कार्यप्रणाली, दैनिक संचालन तथा संधारण (मेंटेनेंस) व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। श्री भोंडवे ने नगर निगम छिंदवाड़ा के प्रशासनिक कार्यालय का भी निरीक्षण कर निगम की प्रशासनिक व्यवस्थाओं, जन-शिकायत निवारण तंत्र एवं नागरिक सेवाओं के सुचारू संपादन का जायजा लिया। निरीक्षण में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के कार्यपालन यंत्री जीवेंद्र सिंह, नगर निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त सी.पी. राय, अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के परियोजना प्रबंधक गोपाल गुप्ता सहित विभाग एवं नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

भोपाल में मलेरिया के 13 और डेंगू के 206 पॉजिटिव मामले, रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम का विशेष अभियान

भोपाल (आरएनएस)। जिले में मलेरिया एवं डेंगू के प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक जिले में मलेरिया के 13 और डेंगू के 206 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने के लिए घर-घर सर्वेक्षण, लार्वा विनष्टीकरण, फॉगिंग और जनजागरूकता गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जनवरी से अक्टूबर 2026 तक मलेरिया जांच का निर्धारित लक्ष्य 2 लाख 32 हजार 821 था, जिसके विरुद्ध 2 लाख 21 हजार 480 जांचें पूरी कर ली गई हैं। इस प्रकार निर्धारित लक्ष्य का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। सर्विलांस के दौरान अब तक मलेरिया के 13 पॉजिटिव प्रकरण सामने आए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले 5 से 6 वर्षों से जिले में मलेरिया के मामलों की संख्या 20 से कम बनी हुई है। वर्ष 2026 में अब तक जिले में डेंगू के 206 पॉजिटिव मामले दर्ज किए गए हैं।

भोपाल में छठ महापर्व शुरूः 54 घाटों पर होगी सूर्य उपासना, शहर के साढ़े चार लाख लोगों की आस्था से जुड़ा पर्व



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल में शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू हो गया। नगर निगम ने 54 घाटों पर व्यवस्थाएं की हैं। कमला पार्क में भोजपुरी एकता मंच ने ठेकुआ बनाने के लिए निशुल्क गेहूं पिसाई शुरू कराई। 15 नवंबर को डूबते और 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। पर्व पर दो दिन सरकारी छुट्टी की मांग भी उठी है। भोपाल में लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ हो गई। चार दिन तक चलने वाले इस पर्व को लेकर शहर के घाटों से लेकर घरों तक तैयारियां शुरू हो गई हैं। बिहार और पूर्वांचल की परंपराओं से जुड़ा छठ अब भोपाल की सांस्कृतिक पहचान का भी हिस्सा बन चुका है। शहर में रहने वाले करीब साढ़े चार लाख लोगों की आस्था से जुड़े इस पर्व के लिए नगर निगम ने 54 घाटों पर व्यवस्थाएं की हैं। वहीं, पर्व के दौरान दो दिन का सरकारी अवकाश घोषित करने की मांग भी उठी है। भोजपुरी एकता मंच की ओर से कमला पार्क स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में व्रतधारियों के लिए निशुल्क गेहूं पिसाई की व्यवस्था शुरू की गई है। ठेकुआ बनाने के लिए लगाई गई आटा चक्की का शुभारंभ एडीजी जयदीप प्रसाद ने पूजा-अर्चना के बाद किया। यह सुविधा 14 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी। इस दौरान संस्था के संरक्षक चेतन सिंह, अध्यक्ष कुंवर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। छठ के पहले दिन व्रतधारियों ने स्नान और पूजा के बाद सात्विक भोजन ग्रहण किया। इसमें अरवा चावल, चने की दाल और लौकी की सब्जी बनाई जाती है।

कमलनाथ की गैरमौजूदगी में नकुलनाथ का शक्ति प्रदर्शन आज, पोस्टरों में दिखी कांग्रेस की गुटबाजी, बड़े नेता गायब

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश कांग्रेस में अब अगली पीढ़ी अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने की तैयारी में है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ 14 नवंबर को राजधानी भोपाल में प्रदेशभर के कांग्रेस नेताओं और समर्थकों को जुटाकर अपनी सियासी सक्रियता का संदेश देंगे। खास बात यह है कि इस पूरे आयोजन की कमान पहली बार कमलनाथ की गैरमौजूदगी में नकुलनाथ संभालेंगे। हालांकि, कार्यक्रम से पहले लगे पोस्टरों ने कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी को भी उजागर कर दिया है। पोस्टरों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कई बड़े नेताओं की तस्वीरें नदारद हैं।

भोपाल को देश की नंबर-वन राजधानी बनाने के लिए सभी विभाग मिशन मोड में करें कार्य : सांसद आलोक शर्मा

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत गीतांजलि वार्ड-13 में आयोजित जनकल्याण शिविर में नागरिकों की समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

टीलाजमालपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों के 1,300 से अधिक पेयजल कनेक्शनों की जांच कर डबल कनेक्शन एवं बिल की समस्या दूर करने के निर्देश

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल को देश की नंबर-वन राजधानी बनाने तथा स्वच्छता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान दिलाने के लिए सभी विभाग समन्वित कार्ययोजना के साथ मिशन मोड में कार्य करें। इसके लिए प्रभावी मॉनीटरिंग व्यवस्था विकसित कर नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। यह निर्देश सांसद आलोक शर्मा ने मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को गीतांजलि वार्ड-13 के टीलाजमालपुरा में आयोजित जनकल्याण शिविर में दिए। उन्होंने बड़े तालाब के संरक्षण, भोज वेटलैंड प्राधिकरण के गठन तथा तालाब की जैव विविधता सुरक्षित रखने के लिए भी प्रभावी पहल करने पर जोर दिया। शिविर में महापौर श्रीमती मालती राय ने नागरिकों की पेयजल संबंधी समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए टीलाजमालपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों में 1,300 से अधिक पेयजल कनेक्शनों की जांच कर डबल नल-जल कनेक्शन एवं दोहरे बिल की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में सांसद आलोक शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, क्षेत्रीय



पार्षद मनोज राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान शासन की संवेदनशील, जवाबदेह एवं जनकल्याणकारी कार्यप्रणाली का प्रभावी उदाहरण है। अभियान के माध्यम से सरकार स्वयं नागरिकों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का मौके पर निराकरण कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा, आवास एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शिविर में ही 100 से अधिक युवाओं को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया गया।उन्होंने कहा कि 7 अगस्त से प्रारंभ हुआ मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान सुशासन एवं जनसेवा के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक है। प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले शिविर प्रदेशभर में नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा कि सरकार आपके द्वार की भावना के अनुरूप जनकल्याण शिविरों के माध्यम से नगर निगम एवं विभिन्न विभागों की सेवाएं सीधे नागरिकों तक पहुंचाई जा रही हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के तरण पुष्कर (स्विमिंग पूल) में 26 वीं नेशनल पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप के शुभारंभ समारोह में पैरा स्विमर्स (तैराकों) का उत्साह वर्धन किया।

वियतनाम के ग्लोबल क्राफ्ट फेस्टिवल में बाग प्रिंट की धूम, 40 से अधिक देशों के बीच मध्यप्रदेश की पारंपरिक कला ने बिखेरी चमक

हनोई में 13 से 16 नवंबर तक आयोजित हो रहा अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव



भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश की समृद्ध पारंपरिक हस्तशिल्प कला बाग प्रिंट अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रही है। वियतनाम की राजधानी हनोई में 13 से 16 नवंबर तक आयोजित ग्लोबल क्राफ्ट फेस्टिवल में 40 से अधिक देशों के शिल्पकार, कला विशेषज्ञ, उद्योगपति एवं प्रतिनिधि सहभागिता कर रहे हैं।

प्राकृतिक रंगों और पारंपरिक तकनीक ने विदेशी मेहमानों को किया आकर्षित

मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त मास्टर शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री एवं डॉ. मोहम्मद आरिफ खत्री की प्रदर्शनी में बाग प्रिंट के समृद्ध इतिहास, पारंपरिक ठप्पा छपाई की तकनीक और प्राकृतिक रंगों के उपयोग की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को दी जा रही है। शुद्ध लोहे की भस्म, वनस्पतियों एवं जड़ी-बूटियों से तैयार प्राकृतिक रंगों और सागवान की लकड़ी के पारंपरिक ठप्पों से निर्मित इस कला की बारीकियां विदेशी कला प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण बनी हुई हैं।

अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों की पसंद के अनुरूप तैयार किए विशेष उत्पाद

फेस्टिवल के लिए विशेष शोध एवं तैयारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों और वियतनाम के स्थानीय लोगों की रुचि के अनुरूप आकर्षक उत्पाद तैयार किए गये हैं। इनमें प्राकृतिक रंगों से निर्मित मलबरी सिल्क, टसर सिल्क एवं कॉटन के दुपट्टे, स्कार्फ, स्टोल तथा कलात्मक होम फर्निशिंग उत्पाद शामिल हैं। उत्पादों की डिजाइन, गुणवत्ता और पारंपरिक शिल्प कौशल को स्थानीय नागरिकों, खरीदारों एवं फैशन विशेषज्ञों द्वारा सराहा जा रहा है।

मध्य प्रदेश में सांची दूध भी हुआ महंगा
प्रति लीटर चार रुपये तक बढ़े दाम

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में दुग्ध उपभोक्ताओं पर महंगाई की मार पड़ी है। अमूल के बाद अब मध्य प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) ने सांची पैक्ड दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। नई दरें 14 नवंबर 2026 से लागू होंगी। डेयरी फेडरेशन ने दूध की विभिन्न श्रेणियों में प्रति लीटर एक रुपये से लेकर चार रुपये तक की बढ़ोतरी की है।

संशोधित मूल्य सूची के अनुसार अब ग्राहकों को एक लीटर फुल क्रीम दूध के लिए 74 रुपये देने होंगे। पहले इसकी कीमत 70 रुपये थी। इसी प्रकार 500 मिलीलीटर का फुल क्रीम पैकेट 35 रुपये से बढ़कर 37 रुपये का हो गया है। एक लीटर स्टैंडर्ड दूध अब 63 रुपये के बजाय 67 रुपये में मिलेगा, जबकि इसका आधा लीटर का पैकेट 32 रुपये से बढ़कर 34 रुपये का हो गया है। टोन्ड दूध की कीमत में भी संशोधन किया गया है। एक लीटर टोन्ड दूध की कीमत 58 रुपये से बढ़ाकर 59 रुपये और 500 मिलीलीटर पैकेट की कीमत 29 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये कर दी गई है। इसके अलावा गाय का एक लीटर दूध अब 64 रुपये में उपलब्ध होगा। डबल टोन्ड 500 मिलीलीटर पैकेट 27 रुपये से बढ़कर 28 रुपये, स्किम्ड दूध एक लीटर 47 रुपये से बढ़कर 49 रुपये तथा 500 मिलीलीटर पैकेट 24 रुपये से बढ़कर 25 रुपये हो गया है।

14 नवंबर को देशभर में मनाया जाएगा मातृ-पितृ भक्ति दिवस

पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. कैलाश नारायण सारंग की पुण्यतिथि पर नरेला में वृद्धजनों का होगा सम्मान

सोशल मीडिया पर हैशटैग #सारंग_मातृ_पितृ_भक्ति_दिवस के साथ अपने अनुभव करें साझा : मंत्री श्री सारंग

भोपाल (ए.)। भाजपा के संस्थापक सदस्य, पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. श्री कैलाश नारायण सारंग की पुण्यतिथि एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती प्रसून सारंग की जयंती 14 नवंबर को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नरेला विधानसभा सहित सम्पूर्ण देशभर में मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाई जा रही है। मंत्री श्री सारंग नरेला विधानसभा के समस्त वार्डों में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वृद्धजनों के चरण पखारकर, उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित करेंगे। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि स्व. श्री कैलाश नारायण सारंग के अनुयायियों, प्रशंसकों एवं समर्थकों द्वारा 14 नवंबर को भोपाल शहर में विभिन्न सेवाकार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा भी देशभर में सेवाकार्य किए जाएंगे। स्व. कैलाश नारायण सारंग का संपूर्ण जीवन सेवा, संस्कार, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने और परिवार एवं समाज में वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।

नरेला विधानसभा सहित देशभर में होंगे सेवा कार्य

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि नरेला विधानसभा के समस्त वार्डों में मातृ-पितृ भक्ति दिवस का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही नरेला विधानसभा सहित अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा भी देशभर में विभिन्न राज्यों में वृद्धजनों के सम्मान, स्वास्थ्य सेवा एवं जन-कल्याण से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कायस्थ महासभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इसके माध्यम से माता-पिता और वरिष्ठजनों के सम्मान के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाएंगे। मंत्री विश्वास सारंग ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि 14 नवंबर को अपने माता-पिता एवं परिवार के सभी वरिष्ठजनों का सम्मान करें, उनका आशीर्वाद प्राप्त करें। साथ ही अपने अनुभव, फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर हैशटैग #सारंग_मातृ_पितृ_भक्ति_दिवस के साथ और 9981222321 इस नंबर पर व्हाट्सएप्प कर अवश्य साझा करें।

बिजली कंपनियों में कार्यरत चपरासी,भृत्य को दफ्तरी, कार्यालय सहायक श्रेणी -3 के पद पर पदोन्नति दें : राकेश डी पी पाठक



जबलपुर (ए.)। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जी, प्रमुख सचिव, ऊर्जा मनीष सिंह जी, ऊर्जा सचिव एवं सीएमडी पावर मैनेजमेंट कंपनी विशेष गढ़पाले जी और सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध संचालक गणों को पत्र प्रेषित कर अनुरोध किया है कि वर्तमान में आपके संवेदनशील रुख,कुशल नेतृत्व एवं सकारात्मक सोच से बिजली कंपनियों के सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के हित में लगातार निर्णय हो रहें हैं। मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन इसके लिए आभार व्यक्त करते हुए अनुरोध करता है कि बिजली सेक्टर की एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी जबलपुर द्वारा अपने कंपनी के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दफ्तरी के पद पर पदोन्नति प्रदान कर दी गई है उसी अनुसार सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दफ्तरी के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाए।

राकेश डी पी पाठक ने अनुरोध करते हुए कहा कि राज्य शासन के अनुरूप बिजली कंपनियों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी चपरासी भृत्य को भी कार्यालय सहायक श्रेणी - 3 के पद पर पदोन्नति प्रदान करें।

राकेश डी पी पाठक ,यू के पाठक, लक्ष्मण सिंह राजपूत, खूबचंद शर्मा,एन के यादव दिनेश दुबे, उमाशंकर मेहता,बी एस राठौर, सुरेश बाबू खरे,आर के कौशिक, रामेश्वर गांगे,जी एल चौरसिया,अनूप वर्मा, किशोर चौहान,उमाशंकर दुबे, केदारनाथ अग्निहोत्री, गोपाल चौहान,मदन वर्मा,सीताराम कुरचानिया, श्याम मोहन वर्मा, अवनीश तिवारी, दीपक मेमने, राजेश मिश्रा, विमल महापात्र, सुधीर मिश्रा,आर के चौबे, संजय सिंह,मोहित पटेल, योगेश पटेल,अजय चौबे, मनोज पाठक, दयाशंकर द्विवेदी, दिलीप पाठक,ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ,जबलपुर कलेक्टर सहित अनेक विभागों ने अपने विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए आदेश जारी कर अपने विभाग में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत चपरासी,भृत्य कार्मिकों को कार्यालय सहायक श्रेणी - 3 के पद पर पदोन्नति प्रदान कर दी है। फेडरेशन का आपसे आग्रह है कि इसी तरह मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग के आधीन कार्यरत सभी छह बिजली कंपनियों,एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, इंदौर और मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, भोपाल में लम्बे समय से कार्यरत चतुर्थ श्रेणी चपरासी, भृत्य कार्मिकों को कार्यालय सहायक श्रेणी -3 के पद पर पदोन्नति प्रदान करने की कृपा करें।

लिहदा डैम का कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने किया निरीक्षण, पानी लिफ्ट करने के लिए सर्वे के निर्देश



बैतूल (ए.)। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आज मुलताई के ग्राम लिहदा पहुंचकर कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने डैम की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने डैम से पानी लिफ्ट कर उपयोग में लाने के लिए मुलताई नगरपालिका को सर्वे कर द्वारका नगरी योजना के तहत कार्य प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। साथ ही डैम को उसकी 8 एमसीएम की पूर्ण क्षमता पर संचालित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों एवं किसानों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने पुलिया निर्माण तथा पारसडोह डैम की जर्जर सड़क के नवीनीकरण के लिए जल संसाधन विभाग को शीघ्र एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए।

जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी

रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली व माजदा सहित 7 वाहन जब्त

ग्वालियर (ए.)। जिले में अवैध खनिज परिवहन और भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 12 नवंबर को विभागीय टीम ने विक्की फैक्ट्री, बड़ागांव और बिजौली क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर कुल 7 वाहन जब्त किए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर गई खनिज विभाग की टीम द्वारा की गई जांच के दौरान रेत से भरी 4 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और 2 माजदा (छोटे वाहन) अवैध परिवहन करते पाए गए। इसके अलावा बिजौली क्षेत्र में डस्ट का अवैध परिवहन करते हुए 22 चक्का एक



ट्रॉला भी पकड़ा गया। प्रभारी जिला खनिज अधिकारी श्री पंकजध्वज मिश्रा ने बताया कि खनिज विभाग की टीम ने सभी 7 वाहनों को जब्त कर संबंधित थानों की अभिरक्षा में रखवाया है। जब्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। इस कार्रवाई में खनि निरीक्षक रमाकांत तिवारी, जया, प्रभारी खनि निरीक्षक प्रशांत गुरैया एवं कमलेश अहिरवार सहित होमगार्ड और पुलिस लाइन का बल मौजूद रहा। खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

ग्वालियर के ऑक्सीजन कारखाने में भीषण विस्फोट, उड़े टैंकर के परखच्चे; इलाके में दहशत

ग्वालियर (ए.)। पिंटू पार्क औद्योगिक क्षेत्र स्थित ऑक्सीजन सिलिंडर कारखाने में शुक्रवार को भीषण विस्फोट हो गया। शिवा कंप्रेस्ड एयर प्रोडक्ट नामक इस कारखाने के परिसर में खड़े ऑक्सीजन टैंकर में अचानक जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि टैंकर और उसके पास खड़े एक ट्रक के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग दहशत में आ गए।

रिहायशी क्षेत्र में फैली दहशत

धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि वह काफी दूर तक सुनाई दी। आवाज सुनते ही आसपास के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोग सहम गए और तुरंत अपने घरों से बाहर निकल आए। विस्फोट की भयावहता को देखते हुए कई परिवारों ने सुरक्षा के लिहाज से कॉलोनी छोड़कर बाहर भागना ही बेहतर समझा। रिहायशी आबादी के समीप स्थित इस औद्योगिक इकाई में हुई घटना से स्थानीय लोगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। हादसे की खबर फैलते ही घटनास्थल के पास बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। हालांकि, दोबारा विस्फोट होने की आशंका के कारण लोग एक सुरक्षित दूरी बनाए रखकर स्थिति पर नजर रखते रहे।

एमएसएमई विभाग के सचिव जॉन किंग्सले एवं श्रम विभाग के सचिव रघुराज राजेन्द्रन ने किया कड़ई वुडन क्लस्टर का निरीक्षण

क्लस्टर में सुविधाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश, फर्नीचर उद्योग स्थापित करने स्थानीय उद्यमियों से किया संवाद



बैतूल (ए.)। निर्माणाधीन कड़ई वुडन क्लस्टर का शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सचिव जॉन किंग्सले एवं श्रम विभाग के सचिव रघुराज राजेन्द्रन ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्लस्टर में विकसित की जा रही अधोसंरचना एवं उद्यमियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने क्लस्टर में प्रस्तावित सभी आवश्यक सुविधाओं के कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्लस्टर में उद्योगों की स्थापना के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं, ताकि स्थानीय उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए बेहतर अवसर मिल सकें। इस दौरान सचिव द्वय ने स्थानीय उद्यमियों से संवाद भी किया। उन्होंने विशेष रूप से फर्नीचर निर्माण से संबंधित उद्योगों की स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा की तथा उद्यमियों से उनके सुझाव एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक कैलाश मानेकर, सहायक संचालक धीरज मंडलेकर, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष बृजाशीष पांडेय सहित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हफ्ता वसूली करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस; कान पकड़कर लगवाई उठक-बैठक

उज्जैन (ए.)। उज्जैन के तलाई की पाल क्षेत्र में परिवार से हर महीने 500 रुपये की हफ्ता वसूली और मारपीट के आरोपी



विजय उर्फ टोकन को पंवासा पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी पर पहले से 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसका जुलूस निकालकर उठक-बैठक लगवाई। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। तलाई की पाल क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार से हर महीने 500 रुपये की अवैध वसूली करने और इन्कार करने पर मारपीट करने वाले शातिर अपराधी को पंवासा थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद क्षेत्र में उसका जुलूस भी निकाला। इस दौरान आरोपी कान पकड़कर उठक-बैठक लगाता दिखा। बाद में पुलिस ने आरोपी को शाम करीब 5 बजे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

व्यापार समाचार

बिना बैंक खाते के भेज पाएंगे 50,000 रुपए, RBI ने बताए नए घरेलू मनी ट्रांसफर नियम

नई दिल्ली(ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घरेलू मनी ट्रांसफर से जुड़े नियमों को एकीकृत किया है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति किसी भी बैंक शाखा में जाकर नकद के रूप में 50,000 रुपए तक की राशि किसी दूसरे व्यक्ति के बैंक खाते में नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर (एनईएफटी) प्रणाली के जरिए भेज सकता है। इसके लिए उस बैंक में उसका खाता होना जरूरी नहीं है।इस ढांचे में मासिक सीमाएं भी तय की गई हैं। साथ ही धोखाधड़ी और दुरुपयोग को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय भी निर्धारित किए गए हैं। इसके तहत एक बार में अधिकतम 10,000 रुपए प्राप्त किए जा सकते हैं, जबकि एक लाभार्थी के लिए मासिक सीमा 25,000 रुपए तय की गई है। बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट, एटीएम और अन्य माध्यमों से नकद राशि भेजने के लिए प्रति लेनदेन 5,000 रुपए की सीमा निर्धारित की गई है। वहीं, पैसा भेजने वाले व्यक्ति के लिए मासिक सीमा 25,000 रुपए निर्धारित की गई है।ये नियम बड़े पैमाने पर पहले से जारी निर्देशों को एकीकृत करते हैं और लेनदेन की सीमाओं में कोई बड़ा बदलाव नहीं करते हैं। इस व्यवस्था से प्रवासी श्रमिकों, दिहाड़ी मजदूरों और ऐसे लोगों को मदद मिलेगी, जिन्हें देश के दूसरे हिस्सों में रहने वाले अपने परिवार के सदस्यों को पैसे भेजने की जरूरत होती है, लेकिन जिनके पास नियमित बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच नहीं है। इन माध्यमों का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को सत्यापित



मोबाइल नंबर के साथ पंजीकरण कराना होगा और आरबीआई के अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) नियमों के अनुसार, स्व-प्रमाणित आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज जमा करना होगा।प्रत्येक लेनदेन में प्रमाणीकरण के एक अतिरिक्त चरण से गुजरना भी अनिवार्य होगा। इस सुविधा के तहत कोई व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के बैंक खाते से भेजी गई रकम प्राप्त कर सकता है और एटीएम, बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट या किसी अन्य अधिकृत भुगतान माध्यम से नकद निकाल सकता है। पैसे भेजने वाले बैंक को लाभार्थी का नाम और पता दर्ज कर अपने पास सुरक्षित रखना होगा। यह सुविधा उन लोगों के लिए मददगार हो सकती है, जिन्हें दूसरे शहरों में काम करने वाले परिवार के सदस्यों से आर्थिक सहायता मिलती है, लेकिन उनका अपना बैंक खाता नहीं है। केंद्रीय बैंक ने बैंकों और गैर-बैंकिंग संस्थाओं को नकद आधारित मनी ट्रांसफर में धोखाधड़ी और दुरुपयोग रोकने के लिए निगरानी प्रणाली स्थापित करने का निर्देश दिया है। इसमें लेनदेन की आवृत्ति पर नजर रखना, खाते में रकम जमा होने के दौरान अलर्ट भेजना और किसी विशेष खाते या खातों के समूह में रकम जमा होने की संख्या में असामान्य वृद्धि की जांच करना शामिल है।

दिवाली के बाद भी सोने और चांदी में बड़ी गिरावट; इतने रुपए तक घटे दाम

नई दिल्ली(ए.)। सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इससे दोनों कीमती धातुओं का दाम करीब 4,900 रुपए घट गया है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम 2,911 रुपए घटकर 1,37,692 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है, जो कि पहले 1,40,603 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। 22 कैरेट सोने की कीमत 1,28,792 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,26,126 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। इसके साथ ही, 18 कैरेट सोने का दाम कम होकर 1,03,269 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,05,452 रुपए प्रति 10 ग्राम था।सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखी गई है। चांदी का दाम 4,860 रुपए कम होकर 1,81,040 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,85,900 रुपए प्रति किलो पर था।

केंद्र सरकार कैब रेंटल के नियमों में करने जा रही बड़ा बदलाव, ग्राहकों को मिलेंगे ज्यादा विकल्प

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने देश में कैब रेंटल के नियमों में बदलाव करने का प्रस्ताव दिया है। इससे कैब रेंटल बिजनेस को खोलना और ऑपरेट करना आसान हो जाएगा। साथ ही, ग्राहकों की सुरक्षा में भी इजाफा होगा। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई।कैब रेंटल के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक नया फ्रेमवर्क प्रस्तावित किया है जिसमें सरल प्रक्रियाओं के साथ-साथ बेहतर ग्राहक सहायता भी शामिल है। इससे कैब व्यवसाय में प्रवेश करना आसान हो जाएगा, जिससे ग्राहकों के पास चुनने के लिए अधिक विकल्प होंगे।नए फ्रेमवर्क के तहत ऑपरेटरों को बिना ड्राइवर या ड्राइवर के साथ कैब उपलब्ध कराने का विकल्प मिल सकता है। न्यूनतम फ्लीट की शर्त 50 से घटाकर 5 कर दी गई है, जिसमें हर परिचालन स्थल पर कम से कम 2 कैब होनी चाहिए। साथ ही, पांच पर्यटन शहरों में शाखाएं खोलने की अनिवार्यता को भी हटाया जा सकता है।

भारत और इटली वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग करेंगे मजबूत

नई दिल्ली (ए.)। भारत और इटली मिलकर वैज्ञानिक सहयोग के जरिए संबंधों को मजबूत बनाने, आपसी समझ को बढ़ावा देने और सतत आर्थिक एवं सामाजिक विकास में योगदान देंगे। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह और इटली गणराज्य की विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान मंत्री अन्ना मारिया बर्निनी ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) के कार्यान्वयन को लेकर करीबी संवाद बनाए रखने और दोनों देशों के वैज्ञानिक एवं नवाचार तंत्र के बीच व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इसका उद्देश्य दोनों देशों को ठोस और दीर्घकालिक लाभ पहुंचाना है।

दोनों नेताओं ने इटली और भारत के बीच लंबे समय से चले आ रहे और फलदायी वैज्ञानिक एवं तकनीकी संबंधों को जिक्र किया। ये संबंध विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को लेकर दोनों देशों की सरकारों के बीच 28 नवंबर, 2003 को नई दिल्ली में हस्ताक्षरित समझौते पर आधारित हैं।

मंत्रियों ने वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए 11 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का स्वागत किया।

दोनों नेताओं ने इस साझा ढांचे को ठोस संयुक्त पहलों में बदलने के लिए जारी प्रयासों का भी स्वागत किया।

विशेष रूप से, उन्होंने समझौता ज्ञापन के तहत सहयोग गतिविधियों के कार्यान्वयन और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार इटली-भारत संयुक्त समिति की भूमिका को स्वीकार किया। यह समिति वर्ष 2003 के द्विपक्षीय समझौते के अनुरूप भी काम कर रही है।

उन्होंने 2027 में अनुसंधान प्रस्तावों के लिए संयुक्त आह्वान शुरू करने की दिशा में समिति के जारी प्रयासों को रेखांकित किया। इसका उद्देश्य भारतीय और इतालवी भागीदारों के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देना, एक-दूसरे की पूरक वैज्ञानिक विशेषज्ञता को जोड़ना और दीर्घकालिक संस्थागत साझेदारी को समर्थन देना है।

दोनों पक्षों ने संवाद के तहत आयोजित विशेष सत्र का भी स्वागत किया। इसमें दोनों देशों के अनुसंधान और नवाचार तंत्र के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और साझा वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्राथमिकताओं पर विचारों का आदान-प्रदान करने के साथ सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की।

सेंसेक्स लाल निशान में खुला, रियल्टी और ऑटो में बिकवाली

मुंबई (आरएनएस) । भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ खुला। सुबह 9ः17 पर यह 426 अंक या 0.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 81,484 और निफ्टी 162 अंक या 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,139 पर था।



बाजार में चौतरफा गिरावट देखी जा रही थी। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी कमजोरी बनी हुई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 445 अंक या 0.72 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 61,593 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 96 अंक या 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,610 पर था।

शुरुआती कारोबार में बाजार पर दबाव बनाने का काम रियल्टी और ऑटो शेयर कर रहे थे। सूचकांकों में निफ्टी रियल्टी और निफ्टी ऑटो टॉप लूजर थे। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी कंजप्शन, निफ्टी सर्विसेज और निफ्टी कमोडिटीज भी लाल निशान में थे। सूचकांकों में केवल निफ्टी फार्मा और निफ्टी हेल्थकेयर लाल हरे निशान में थे। सेंसेक्स पैक में सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, एचयूएल और टाइटन हरे निशान में थे।

एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग ने दिया इस्तीफा, चीनी जासूस से संबंधों के आरोपों के बीच फैसला

न्यूयॉर्क (आरएनएस) ।। एआई हार्डवेयर कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। यह फैसला उन आरोपों के बाद सामने आया है, जिनमें दावा किया गया है कि जिस महिला के साथ उनका संबंध था, वह चीन की खुफिया एजेंसी से जुड़ी हो सकती है।

बताया गया है कि एनवीडिया के निदेशक मंडल ने बुधवार को कई घंटों तक बैठक की, जिसके बाद कंपनी की मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) कोलेट क्रेस को अंतरिम प्रमुख नियुक्त किया गया।

रिपोर्टों के अनुसार, हुआंग ने स्वीकार किया है कि उनका एक ऐसी महिला के साथ संबंध था, जिस पर चीन के लिए जासूसी करने का संदेह है। कुछ स्वतंत्र मीडिया रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया है कि वह अपनी कंपनी में काम करने वाली एक अन्य महिला के साथ भी संबंधों में थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह मामला एलिस ले हुआंग (जिनका जेनसन हुआंग से कोई पारिवारिक संबंध नहीं बताया गया है) से जुड़ा है और इसने तकनीक, व्यापार और सरकार के उच्च स्तर तक हलचल पैदा कर दी है।

कहा जा रहा है कि इस विवाद का असर अमेरिकी राजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों, तकनीकी क्षेत्र और शेयर बाजार तक पहुंचा है।

यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले सप्ताह एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के लिए चीन जाने की तैयारी कर रहे हैं, जहां उनकी मुलाकात चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से होनी है।

चीन ने एलिस हुआंग के किसी भी खुफिया संबंध से इनकार किया है। जेनसन हुआंग को ट्रंप के करीबी उद्योगपतियों में माना जाता रहा है। उन्होंने चीन को उन्नत चिप्स बेचने पर लगे कुछ प्रतिबंधों में ढील देने की पैरवी की थी। उनका तर्क था कि पूरी तरह प्रतिबंध लगाने से एआई क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले ने ट्रंप प्रशासन के भीतर भी मतभेदों को उजागर किया है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने जासूसी आरोपों की जानकारी ट्रंप को दी थी, जबकि वाणिज्य मंत्री हावर्ड लटनिक जैसे कुछ लोग चीन को चिप्स बेचने के पक्ष में बताए गए।

सोमवार को ट्रंप ने हुआंग का बचाव करते हुए कहा था, मैं जेनसन को बहुत अच्छी तरह जानता हूं। मुझे लगता है कि वह बेहद सम्मानित व्यक्ति हैं।

बताया गया है कि हुआंग ने ट्रंप से कहा था कि उन्हें एलिस हुआंग और चीन की जासूसी व्यवस्था के बीच किसी संभावित संबंध की जानकारी नहीं थी।

यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब रिपब्लिकन पार्टी को मध्यावधि चुनावों में झटका लगा है। पार्टी ने हुआंग को प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के समक्ष बंद कमरे में ब्रीफिंग देने के लिए बुलाया है और पेश न होने पर समन जारी करने की चेतावनी भी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, अगले वर्ष यदि कांग्रेस में डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रभाव बढ़ता है तो हुआंग और उनके घरेलू एवं विदेशी संपर्कों की और गहन जांच हो सकती है।

जेनसन हुआंग ने एनवीडिया को गेमिंग कंप्यूटरों के लिए चिप बनाने वाली कंपनी से एआई क्रांति की प्रमुख ताकत में बदल दिया था।

आउटेज पर माइक्रोसॉफ्ट, सुधार के बाद भी उम्मीद के मुताबिक नहीं काम कर रहा सिस्टम

नई दिल्ली(ए.)। अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने शुक्रवार को आउटेज पर बयान जारी कर कहा कि कमियों में सुधरा करने के बाद भी सिस्टम उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर रहा है। वैश्विक स्तर पर माइक्रोसॉफ्ट 365 की सेवाएं बंद होने से करोड़ों यूजर्स प्रभावित हुए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्सपर एक बयान में, कंपनी ने कहा कि उसने सर्विस में सुधार के लिए किए गए बदलावों की स्थिति की निगरानी की है। हालांकि, ये बदलाव उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर रहे हैं।

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा, हम ऐसे वैकल्पिक तरीकों की पहचान कर रहे हैं, जिन्हें लागू करके लगातार बने हुए ट्रैफिक असंतुलन के बीच क्षमता बढ़ाई जा सके।माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, यूजर्स कई माइक्रोसॉफ्ट 365 सेवाओं से कनेक्ट नहीं हो पा रहे हैं। इससे एक्सचेंज ऑनलाइन और ईमेल सेवाओं से जुड़े फीचर्स प्रभावित हुए हैं।कंपनी का कहना है कि एक्सचेंज ऑनलाइन के यूजर्स आउटलुक ऑन द वेब, आउटलुक डेस्कटॉप, एक्सचेंज एक्टिवसिंक या आरईएसटी-आधारित कनेक्शन का उपयोग करके अपने मेलबॉक्स तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। साथ ही, ईमेल डिलीवरी में भी देरी हो सकती है। इसके अलावा, माइक्रोसॉफ्ट 365 एडमिन सेंटर के पेज लोड नहीं हो रहे हैं और माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप्स के यूजर्स हाल ही में इस्तेमाल की गई फाइलों को नहीं देख पा रहे हैं।

सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

शतरंज में शानदार शतक

2019 के बाद से 35 भारतीय खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर बने हैं। इस दौरान डी. गुकेश विश्व चैंपियन बने और भारत ने 2024 में शतरंज ओलिंपियाड में स्वर्ण पदक जीता। यह सचमुच गर्व की बात है। दीपावली के दिन अनुज श्रीवात्री भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर बने। ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला भारत चौथा देश बना है। अब सिर्फ रूस, अमेरिका, और जर्मनी ही के पास भारत से अधिक ग्रैंडमास्टर हैं। जर्मनी से भारत का फासला अब सिर्फ तीन ग्रैंडमास्टर्स का बचा है। शतरंज में भारत की यह अनूठी उपलब्धि है। इस यात्रा में भारत कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है, इसका अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि जहां पहले दस ग्रैंडमास्टर बनने में 15 साल लगे थे, वहीं पिछले दस ग्रैंडमास्टर सिर्फ एक साल में बने हैं। दरअसल, 2025 से 2026 में अब तक 15 भारतीय खिलाड़ियों ने ग्रैंडमास्टर का दर्जा हासिल कर लिया है।1988 में विश्वनाथन आनंद पहले खिलाड़ी थे, जिन्होंने यह दर्जा हासिल किया। उन्हें आज भी वह प्रेरणा-स्रोत समझा जाता है, जिन्होंने भारतीय नौजवानों को विश्व स्तर पर सर्वोच्च पहचान बनाने का आत्म-विश्वास दिया। अब आत्म-विश्वास से भरे ऐसे खिलाड़ियों की एक पूरी फौज तैयार हो चुकी है। आनंद का विश्व चैंपियन बनना तब एक अद्भुत सफलता मालूम पड़ी थी, जबकि आज ऐसी कामयाबियां सामान्य अनुभव का हिस्सा बनने लगी हैं। यह विडंबना ही है कि हाल के वर्षों में हुई तेज प्रगति का एक प्रमुख कारण कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन को माना जाता है। शतरंज के मामले में उन मुसीबतज़दा दिनों का प्रभाव बिल्कुल अलग रहा।

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर शतरंज की लोकप्रियता में तब भारी वृद्धि देखी गई। घरों में रह कर लाखों बच्चों और युवाओं ने ऑनलाइन शतरंज सीखा और खेला। इस डिजिटल बूम ने प्रतिभाओं निखारने में मदद की। इसका श्रेय भारतीय शतरंज संघ और निजी अकादमियों को भी दिया जाएगा, जिन्होंने महामारी के दौरान ऑनलाइन कोचिंग और वर्चुअल टूर्नामेंटों को बढ़ावा दिया। नतीजा, ये उपलब्धियां हैं। 2019 के बाद से 35 भारतीय खिलाड़ियों ने ग्रैंडमास्टर का दर्जा प्राप्त किया है। इस दौरान डी. गुकेश विश्व चैंपियन बने और भारत ने 2024 में शतरंज ओलिंपियाड में स्वर्ण पदक जीता। शरतंज में मुकाबला विकसित देशों के साथ होता है, इसलिए यह सचमुच गर्व की बात है कि भारत इसमें सुपरपॉवर बनने की दिशा में बढ़ रहा है।

(भगवान बिरसा मुंडा जयंती)

भगवान बिरसा मुंडा की चारित्रिक विशेषताएं, जो आज भी प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ हैं

प्रो. (डा.) मनमोहन प्रकाश

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास केवल अंग्रेजी शासन से मुक्ति की गाथा नहीं है, बल्कि यह उन महान जननायकों के साहस, स्वाभिमान, त्याग और संघर्ष की कहानी भी है, जिन्होंने समाज को नई चेतना प्रदान की। भगवान बिरसा मुंडा ऐसे ही महान जननायक थे, जिन्होंने आदिवासी समाज को शोषण, अन्याय और दमन के विरुद्ध संगठित कर स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और सांस्कृतिक अस्मिता का नया संदेश दिया। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी देशवासियों, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ है। 15 नवंबर 1875 को वर्तमान झारखंड के उलिहातू गांव में जन्मे बिरसा मुंडा ने अत्यंत साधारण परिस्थितियों में जीवन आरंभ किया। बचपन से ही उनमें असाधारण जिज्ञासा, नेतृत्व क्षमता और अन्याय के प्रति विरोध का भाव था।



उन्होंने अपने समाज की गरीबी, बेगारी, जमीनों पर कब्जों तथा ब्रिटिश शासन और शोषक व्यवस्था के अत्याचारों को निकट से देखा और उनकी पीड़ा को महसूस किया। इन परिस्थितियों ने उनके भीतर सामाजिक परिवर्तन और अधिकारों की रक्षा का संकल्प पैदा किया। बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता उनका अदम्य साहस और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने का दृढ़ संकल्प था। उन्होंने ब्रिटिश शासन तथा शोषणकारी व्यवस्था को चुनौती दी। उनका संघर्ष केवल राजनीतिक सत्ता के विरुद्ध नहीं था, बल्कि आदिवासी समाज के जल, जंगल और जमीन पर पारंपरिक अधिकारों की रक्षा का भी आंदोलन था। वर्ष 1899-1900 का उलगुलान (महान विद्रोह) उनके साहस, संगठन क्षमता और जनचेतना का ऐतिहासिक प्रमाण है। उनकी दूसरी महत्वपूर्ण विशेषता सांस्कृतिक स्वाभिमान और सामाजिक जागरण थी। उन्होंने मुंडा समाज को अपनी परंपराओं, सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने समाज को सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास और नशाखोरी से दूर रहने तथा स्वच्छ, अनुशासित और नैतिक जीवन अपनाने का संदेश दिया। उनका विश्वास था कि किसी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, आत्मसम्मान और जागरूकता में निहित होती है। उनका नेतृत्व भी अद्वितीय था। उन्होंने बिखरे हुए आदिवासी समुदाय को एकजुट कर सामूहिक संघर्ष की शक्ति में बदल दिया। उनका नेतृत्व व्यक्तिगत स्वार्थ से प्रेरित नहीं था, बल्कि समाज के अधिकारों, सम्मान और भविष्य की रक्षा के लिए समर्पित था। उन्होंने सिद्ध किया कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ इच्छाशक्ति, स्पष्ट विचार और सामूहिक संकल्प से बड़े परिवर्तन की नींव रखी जा सकती है। त्याग, समर्पण और निस्वार्थ सेवा उनके चरित्र के अन्य प्रेरक पक्ष थे। उन्होंने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं की अपेक्षा अपने समाज के हितों को प्राथमिकता दी। ब्रिटिश शासन ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और 9 जून 1900 को मात्र 25 वर्ष की आयु में रांची जेल में उनका निधन हो गया। किंतु उनका संघर्ष व्यर्थ नहीं गया। उनके आंदोलन ने आदिवासी भूमि अधिकारों के प्रश्न को व्यापक पहचान दिलाई और आगे चलकर छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 (सीएनटीए)के माध्यम से आदिवासी भूमि के संरक्षण को महत्वपूर्ण कानूनी आधार मिला। आज जब समाज अनेक प्रकार की चुनौतियों से गुजर रहा है, तब बिरसा मुंडा का जीवन हमें अन्याय के सामने न झुकने, अपनी संस्कृति और पहचान का सम्मान करने, सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध खड़े होने तथा सामूहिक हितों के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। उनका व्यक्तित्व सिखाता है कि महानता उम्र, पद, संसाधनों, जाति, धर्म या भाषा से तय नहीं होती, बल्कि विचारों की दृढ़ता, चरित्र की निष्ठा और कर्मों की सार्थकता से निर्धारित होती है। भगवान बिरसा मुंडा केवल आदिवासी समाज के नायक नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के स्वाभिमान, साहस, सामाजिक न्याय और स्वतंत्रता चेतना के प्रतीक हैं। उनकी जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाना उनके योगदान के प्रति राष्ट्रीय सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। यह दिवस हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर ऐसे समाज के निर्माण का मार्ग दिखाता है जहां हर व्यक्ति को सम्मान, समान अवसर और न्याय मिले। यही भगवान बिरसा मुंडा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

स्त्रियों के सम्मान से सम्मानित राष्ट्र।

जिस घर में स्त्री की हँसी सुरक्षित,
वहीं आँगन में उजली सुबह
स्त्री केवल रिश्तों का नाम नहीं,
वे जीवन को थामे
संवेदनशील कोमल शक्ति ।
जिस राष्ट्र में बेटियाँ निर्भय ,
उस राष्ट्र की राहें स्वयं उजली होती ।
माँ की आँखों में जहां सम्मान का उजाला हो,
वहाँ हर बच्चे के सपनों में आसमान निराला हो।
स्त्री को कमजोर समझना, स्वयं को कमजोर करना
उनके अधिकारों को बचाना, भविष्य को सँवारना ।
उसकी चुप्पी को सहमति मत समझो,
उसके आँसुओं को कभी कमजोरी मत समझो।
सम्मान उसके वस्त्रों से नहीं, उसके अस्तित्व से हो,
न्याय उसके शब्दों से नहीं, उसके अधिकारों से हो।
जिस देश में नारी सुरक्षित,
सम्मानित और स्वतंत्र होगी,
वही धरती सच में सभ्य और समृद्ध होगी।
आओ, हर बेटी के सपनों को पंख दें,
स्त्री के सम्मान से अपने राष्ट्र को सम्मान दें।

संजीव ठाकुर

अतीत से आकर्षित, वर्तमान से सम्मोहित!

सत्येन्द्र रंजन

राजनीति में 'श्रमिक वर्ग' की वापसी एक तथ्य है, जिसे फर्जी बहसों से कुछ समय तक ही रोका जा सकता है। समझने की बात है कि सोवियत मोह या चाइना-मैक्सिंग अपने-आप में कोई स्वतंत्र परिघटना नहीं हैं। ये युवाओं की बदलती प्राथमिकता और राजनीति के मूड में आ रहे बदलावों का संकेत भर हैं। यह चर्चा तो पहले भी रही है, लेकिन पश्चिम के दक्षिणपंथी हलकों को यह परेशान करने की हद तक पहुंच गई है, इसका अंदाजा ब्रिटेन की कंजरवेटिव पत्रिका द स्पेक्टेटर में प्रकाशित एक लेख को पढ़ते हुए हुआ। लेख का शीर्षक है- Gen Z is falling for the Soviet Union यानी ज़ेन-जी सोवियत संघ के मोहपाश में फंस रहा है। गौरतलब है: सोवियत संघ के विघटन को लगभग चार दशक होने को आ रहे हैं। इस दौर में पश्चिम के दक्षिणपंथी और लिबरल बुद्धिजीवी घोषणा करते रहे हैं कि सोवियत संघ जिस वैचारिक युग का प्रतीक था, वह इतिहास के पन्नों में दफन हो चुका है। अक्सर, इस सिलसिले में लिबरल राजनीति-शास्त्री फ्रांसिस फुकुयामा की इतिहास का अंत होने की उद्घोषणा को याद किया जाता है, जिसके जरिए उन्होंने दावा किया था कि लिबरल-पूंजीवादी लोकतंत्र की अंतिम विजय हो गई है और अब यही मानवता का भविष्य है।

लेकिन अब, जैसाकि द स्पेक्टेटर में जिक्र हुआ है, पश्चिमी देशों की युवा पीढ़ी (Gen Z) फिर से सोवियत इतिहास, संस्कृति और प्रतीकों को लेकर एक अजीब और अप्रत्याशित आकर्षण दिखा रही है। 'द स्पेक्टेटर' के लेख में इस पर गहराई से चर्चा की गई है कि आधुनिक युवा सोवियत संघ के प्रति क्यों आकर्षित हो रहे हैं? हालांकि अपने दक्षिणपंथी रुझानों के कारण इस आलेख के लेखक इवो डेलिंगपोल ने अपनी इस धारणा पर भी बार-बार जोर दिया है कि यह आकर्षण मुख्य रूप से किसी गहरी वैचारिक या राजनीतिक प्रतिबद्धता का परिणाम नहीं है। यह बस एक सांस्कृतिक और सौंदर्यशास्त्रीय (aesthetic) घटना है। बहरहाल, वे स्वीकार करते हैं कि सोवियत संघ के राष्ट्रगान की धुन पर वीडियो बनाना, पुरानी स्लाविक शैलियों के परिधानों को पहनना, और सोवियत काल की 'ब्रूटलिस्ट' (Brutalist) वास्तुकला पर भव्य बनी इमारतों के वीडियो को रील्स के रूप में साझा करना आज के युवाओं के बीच एक बड़ा ट्रेंड बना हुआ है। डेलिंगपोल ने स्वीकार किया है कि जेन-जेड पीढ़ी के लिए सोवियत इतिहास शीत युद्ध के खौफ, वैचारिक दमन, या कम्युनिस्ट तानाशाही की दर्दनाक वास्तविकताओं से कोसों दूर है। उनके लिए यह सिर्फ एक 'कूल', रहस्यमयी और विजुअल रूप से आकर्षक शैली बना हुआ है, जिसे वे अपनी ऑनलाइन पहचान का हिस्सा बना रहे हैं। लेकिन हकीकत यह है कि इस प्रवृत्ति के पीछे केवल फैशन ही कारण नहीं है। बल्कि सामाजिक-आर्थिक पहलू भी इसके पीछे छिपे हैं। मसलन, अनेक युवा आधुनिक पूंजीवादी व्यवस्था की खामियों, बढ़ती महंगाई, आवास संकट और आर्थिक अस्थिरता से निराश हैं और वे व्यवस्था के विकल्प के रूप में समाजवादी विचारधारा की ओर झुकाव महसूस करने लगे हैं। मुमकिन है कि कुछ युवाओं के लिए (जैसाकि डेविंगपोल ने कहा है) यह केवल इतिहास के प्रति एक सतही जिज्ञासा भर हो, लेकिन इससे इस प्रश्न का जवाब नहीं मिलता कि आखिर यह जिज्ञासा सोवियत संघ के प्रति ही क्यों पैदा हुई है? उन्होंने कहा है कि इन प्रतीकों को केवल एक स्टाइलिश काउंटर-कल्चर के रूप में पेश किया जा रहा है, तो फिर सवाल वही है- आखिर काउंटर कल्चर के स्रोतों की तलाश उस व्यवस्था में युवा क्यों कर रहे हैं, जिसे बदनाम करने में पश्चिमी पूंजीवाद ने अपनी पूरी ताकत झोंके रखी है? बदनाम करने की वैसी ही मुहिम अतीत में कम्युनिस्ट चीन के खिलाफ भी चली, जो थोड़े समय तक मद्धम पड़ने के बाद अब फिर से बड़े प्रोपेगैंडा कैंपन का रूप लिए हुए है। मगर इस कहानी का दूसरा पहलू यह है कि इस प्रचार अभियान के बावजूद चीन के प्रति पश्चिमी युवाओं में आकर्षण बढ़ता चला गया है- इस हद तक कि इस परिघटना को चिह्नित करने के लिए चाइना-मैक्सिंग शब्द का इज़ाद किया गया है।

चाइना-मैक्सिंग सोशल मीडिया पर लोकप्रिय हुआ नया ट्रेंड है, जिसमें खासकर पश्चिमी देशों के युवा चीन की संस्कृति, जीवन शैली, खान-पान, तकनीक और सामाजिक तौर-तरीकों को अपनाने तथा उनकी प्रशंसा करने लगे हैं। जाहिरा तौर पर इस शब्द के दो हिस्से हैं: China और का अर्थ है इंटरनेट की भाषा में किसी चीज को अधिकतम स्तर तक अपनाना या उसमें खुद को पूरी तरह ढालना। इसके कारणों को समझने की कोशिश में विश्लेषकों ने कहा है कि यह चीन की आर्थिक और तकनीकी उपलब्धियों के प्रति बढ़ती दिलचस्पी और पश्चिमी समाज की मौजूदा जीवन शैली से उपजे असंतोष का मिला-जुला संकेत देते है। चाइना-मैक्सिंग को समझने के प्रयास में अमेरिकी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने एक खास स्टोरी प्रसारित की थी। उसके मुताबिक चाइना-मैक्सिंग से प्रभावित युवा सुबह गर्म पानी पीने लगे हैं, नाश्ते में चावल और कॉजी (Congee) जैसे चीनी भोजन अपना रहे हैं, घर में चप्पल पहनने और पारंपरिक चीनी स्वास्थ्य पद्धतियों को अपनाने लगे हैं, ताई ची और चीन के पारंपरिक व्यायाम में दिलचस्पी ले रहे हैं, चीनी फैशन, संगीत, फिल्म, तकनीक और उत्पादों की प्रशंसा कर रहे हैं, और चीन की हाई-स्पीड रेल, आधुनिक शहरों, और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की सराहना कर रहे हैं। इसका एक लोकप्रिय सोशल मीडिया वाक्य है: You met me at a very Chinese time in my life (यानी आप मुझसे जिंदगी के उस दौर में मिले, जो चीन का युग है।)



मेष राशि वालों आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। माता-पिता के साथ आप अपने मन की बातें साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वे आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। आज कार्यों में भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।

वृषभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको नकारात्मक सोचने से बचना चाहिए। आपके परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। बच्चे आज आपकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। साथ ही, उनके सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। आज आपका रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आज आपको वाहन सुख मिलने के योग बने हुए हैं।

मिथुन राशि वालों आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति समर्पण होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे आपको अच्छा महसूस होगा। कोई खास कार्य संपन्न होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखेंगे, तो काम सुचारु रूप से बनते जाएंगे।

कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज कोई शुभ समाचार मिलने की संभावना है। आपके विनम्र स्वभाव की सराहना होगी।

सिंह राशि वालों आज आपमें एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे, उसे पूरे मन से करेंगे। आपको कोई नया अनुभव मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कन्या राशि वालों आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा और लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें।

तुला राशि वालों आज आपका दिन माता-पिता की सेवा में बीतेगा। आज आप जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं, तो पहले उसकी अच्छी तरह जांच-पड़ताल जरूर कर लें। आज का दिन सुखद बीतेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक या मनोरंजन संबंधी यात्रा का

वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज युवाओं को अपनी पढ़ाई और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताएं। आज कोई भी कागजी काम करते समय पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें।

धनु राशि वालों आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। नौकरीपेशा लोगों की अच्छी आय होगी। प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं के लिए भागदौड़ के बाद काम बन जाएगा। सगे-संबंधियों से अच्छा तालमेल बनेगा। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी थीम पार्क में घूमने जाने की योजना बना सकते

मकर राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने व्यवहार में सुधार लाने की जरूरत है, क्योंकि कभी-कभी आपका जल्दबाजी और आवेशपूर्ण स्वभाव लोगों के लिए परेशानियां खड़ी कर देता है। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह अवश्य लें। आज सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है।

कुंभ राशि वालों आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज किसी भी परिस्थिति में घबराने के बजाय अपनी बुद्धि और कार्य क्षमता का उपयोग करेंगे, तो समय रहते उचित हल भी निकल आएंगे। आज अनुभवी और वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन तथा सलाह पर उचित अमल करें।

मीन राशि वालों आज आपका मन उत्साहित रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर आने के योग बन रहे हैं और उनकी सैलरी में इजाफा होगा। आज कुछ समय एकांत या आध्यात्मिक स्थल पर व्यतीत करेंगे। भाइयों के साथ चल रही समस्या किसी वरिष्ठ व्यक्ति की सहायता से हल हो जाएगी। आज टूर एंड ट्रैवल्स संबंधी व्यवसाय में अच्छा लाभ मिलेगा। कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवर टाइम करना पड़ेगा।

दम के साथ सड़क पर उतरी भाजपा



एस. सुनील

सामान्य ढंग से प्रतिक्रिया देने की बजाय भाजपा पलटवार करने के रास्ते पर चल रही है और इसकी कमान संभाली है खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने। भाजपा पूरे देश में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा कर रही है। तेलंगाना में अमित शाह खुद तिरंगा झंडा लेकर सड़क पर उतरे और पदयात्रा का नेतृत्व किया।

भारतीय जनता पार्टी दम दिखा रही है। कुछ लोगों को ऐसा लग रहा था कि भाजपा सत्ता में है और वह सड़क पर संघर्ष करना भूल गई है। वे यह भी संदेश बना रहे थे कि सड़क पर तो कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों का नियंत्रण है। जून और जुलाई में जंतर मंतर पर हुए प्रदर्शन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद यह संदेश ज्यादा व्यापक हो गया था। कांग्रेस और पारंपरिक विपक्षी पार्टियों के साथ साथ सिविल सोसायटी भी सड़क पर दिख रही थी। उसकी प्रतिनिधि के तौर पर कॉकरोच जनता पार्टी प्रदर्शन कर रही थी। कहा जा रहा था कि युवा केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी से नाराज हैं। इससे एक विमर्श राष्ट्रीय स्तर पर बन रहा था। दिख भी रहा था कि भाजपा बैकफुट पर आई है, डिफेंसिव है और विपक्ष की ओर से तय किए गए नैरेटिव पर प्रतिक्रिया दे रही है।

अब स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। अब भाजपा प्रतिक्रिया नहीं दे रही है, बल्कि संसद के साथ साथ सड़क पर भी नियंत्रण हासिल कर रही है। इसमें कोई दो राय ही नहीं है कि चुनावी राजनीति में भाजपा बाकी पार्टियों से बहुत आगे है। लेकिन अब वह दिखा रही है कि प्रदर्शन की राजनीति में भी वह बाकियों से आगे है। असल में इलेक्टोरल पॉलिटिक्स बनाम प्रोटेस्ट पॉलिटिक्स का जो नैरेटिव बना था उसमें भाजपा ने अपनी पोजिशन रिक्लेम की है। अब वह विपक्ष को उसके अंदाज में जवाब दे रही है। कांग्रेस और कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन और कांग्रेस की रैली के बाद भाजपा अब जो कर रही है वह भाजपा का रिएक्शन नहीं है, बल्कि रिस्पांस है। इन दोनों में बहुत बारीक फर्क है। भाजपा पहले रिएक्ट कर रही थी, अब रिस्पांस दे रही है और भाजपा का रिस्पांस ऐसा है कि अब कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां बैकफुट पर हैं।

सामान्य ढंग से प्रतिक्रिया देने की बजाय भाजपा पलटवार करने के रास्ते पर चल रही है और इसकी कमान संभाली है खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने। भाजपा पूरे देश में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा कर रही है। तेलंगाना में अमित शाह खुद तिरंगा झंडा लेकर सड़क पर उतरे और पदयात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने इसके जरिए दो मैसेज दिए। पहला मैसेज बहुत बारीक है। उन्होंने कांग्रेस को वहां टारगेट किया, जहां उसे सबसे ज्यादा तकलीफ हो। साथ ही उन्होंने यह मैसेज दिया कि दक्षिण भारत में कर्नाटक के बाद तेलंगाना भाजपा की उम्मीदों का प्रदेश है। दूसरा मैसेज बहुत स्पष्ट था। अमित शाह ने कहा कि सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए तैयार है। वहां उन्होंने राहुल गांधी को बहस करने की चुनौती दी। इसके बाद भी जब राहुल गांधी संसद से बाहर ही बहस के लिए अड़े रहे तो अमित शाह ने हरियाणा की पदयात्रा में कहा कि भाजपा का कोई भी सामान्य कार्यकर्ता किसी भी चौराहे पर राहुल गांधी से बहस करने को तैयार है। इस तरह भाजपा ने संसद में और संसद के बाहर किसी भी सार्वजनिक जगह पर बहस का दांव चल दिया है।

भाजपा ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को आम जनता से भी जोड़ा। भाजपा ने यह मैसेज बनवाया कि कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां अराजकता के जरिए सत्ता परिवर्तन की बात कर रही हैं। यह सबसे महत्वपूर्ण बात है क्योंकि भारत के नागरिकों के मन में और भारतीय समाज में भी लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी हैं। कोई भी सामान्य मतदाता यह कतई नहीं चाहेगा कि अराजकता के जरिए या अलोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन की बात हो। रही सही कसर कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों और प्रदर्शन में शामिल लोगों ने पूरी कर दी। पहले सीपीआई एमएल की छात्र नेता नेहा बोरा ने कहा कि वे बांग्लादेश के प्रदर्शन से प्रेरणा लेती हैं। इसके बाद प्रशांत भूषण ने 'रिजीम चेंज' की बात कही। अब झारखंड के कांग्रेस विधायक और हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि दिल्ली में 40 लाख छात्रों और युवाओं को राहुल गांधी ने रोक रखा है, अन्यथा वे सड़क पर उतर जाएंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत के हालात बांग्लादेश और नेपाल से भी बदतर होंगे।

सवाल है कि क्या भारत के आम लोग इस बात को स्वीकार करेंगे कि भारत के हालात नेपाल और बांग्लादेश से बदतर हो? कांग्रेस को इस पर जवाब देना होगा। यह भी बताना होगा कि क्या कांग्रेस और राहुल गांधी या पारंपरिक विपक्ष की दूसरी पार्टियां इस किस्म की बातों से सहमत हैं? भाजपा इन्हीं बातों को लेकर जनता के बीच जा रही है। जब वह अराजकता हटाओ की बात करती है तो उसका उद्देश्य यह बताना होता है कि दिल्ली में कैसे नवरात्रों, दशहरा और दिवाली जैसे बड़े हिंदू त्योहारों के बीच कांग्रेस और उसके प्रॉक्सी संगठनों ने दिल्ली को बंधक बना लिया। कैसे त्योहारों के बीच प्रदर्शन किए गए और दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली की गई, जिससे करोड़ों, अरबों का व्यापार प्रभावित हुआ।

K K

राष्ट्रीय समाचार

शनिवार 14 नवम्बर 2026, नर्मदापुरम् (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 5

वैशाली में एक परिवार के चार सदस्यों ने खाया जहर, तीन की हुई मौत

वैशाली,(आरएनएस)। बिहार के वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र के प्रेमराज गांव में एक ही परिवार के चार सदस्यों के जहर खाने का मामला सामने आया है। घटना में सास, बहू और एक पोते की मौत हो गई, जबकि पोती की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना के पीछे जमीन बेचने को लेकर पारिवारिक विवाद की बात सामने आ रही है। बताया गया कि परिवार का बेटा राहुल लगातार जमीन बेच रहा था। आरोप है कि वह गुरुवार को भी जमीन बेचकर घर से फरार हो गया था। इसी विवाद के बाद परिवार के चार सदस्यों ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया।

घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों और परिस्थितियों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी; पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्यों में बढ़ी ठंड, आंधी-बारिश का यलो अलर्ट

नई दिल्ली,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर अब मैदानी राज्यों में भी दिखाई देने लगा है। पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, जबकि सुबह के समय कई शहरों में धुंध और कोहरे की स्थिति बनने लगी है। मौसम में आए इस बदलाव से ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में ठंड के साथ वायु प्रदूषण ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

पंजाब में आज सुबह कोहरा छाया रहा, वहीं कई शहरों में हल्की बारिश भी हुई है। जिस कारण ठंड बढ़ गई है। वहीं, मध्य प्रदेश में गुरुवार रात राज्य के 20 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश में शुक्रवार सुबह लखनऊ और कानपुर समेत करीब 20 शहरों में कोहरा देखने को मिला। प्रदेश में रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। हरदोई में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

छठ पर्व पर घर जाने वाले यात्रियों के लिए रेलवे का मेगा प्लान, 214 स्पेशल ट्रेनों के लगेंगे 2044 फेरे

गोरखपुर, (आरएनएस) । सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर घर लौटने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने व्यापक तैयारियां की हैं। छठ पर्व पर लाखों की संख्या में लोग अपने घरों का रुख कर रहे हैं। ऐसे में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने और सफर को सुविधाजनक बनाने के लिए रेलवे ने 214 स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। इन ट्रेनों के कुल 2044 फेरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय गोरखपुर जंक्शन पर दूरदराज से आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए चार वेंडिंग जोन बनाए गए हैं। इन जोन में यात्रियों के बैठने और विश्राम करने की व्यवस्था की गई है। साथ ही अनारक्षित टिकट काउंटर, कूलर और निशुल्क पेयजल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि यात्रियों को ट्रेन के इंतजार में प्लेटफॉर्म पर भीड़ के बीच परेशान न होना पड़े। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के जवानों को चप्पे-चप्पे पर तैनात किया गया है।

दिल्ली-नोएडा-गाजियाबाद की हवा जहरीली, कई इलाकों में एक्यूआई 500 के पार



नई दिल्ली, (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषण ने एक बार फिर से भयावह रूप धारण कर लिया है। पूरा एनसीआर अब एक गैस चैंबर में तब्दील हो चुका है, जहां सांस लेना दूभर हो गया है। दिल्ली के साथ-साथ नोएडा और गाजियाबाद के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 500 के खतरनाक स्तर के बेहद करीब पहुंच गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, सुबह के समय वातावरण में स्मॉग (धुंध और धुएं का मिश्रण) की मोटी चादर ने विजिबिलिटी (दृश्यता) को काफी कम कर दिया है। ताजा मौसम रिपोर्ट के मुताबिक, 13 से 18 नवंबर तक राजधानी में घना कोहरा और स्मॉग छाया रहेगा। दिन का तापमान 26 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, जबकि सुबह के वक्त ह्यूमिडिटी 95 प्रतिशत तक पहुंच रही है। हवा में नमी और प्रदूषकों के जमा होने से आने वाले दिनों में समस्या और बढ़ने की आशंका है। वायु प्रदूषण के आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति बेहद डरावनी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली के 59 में से 58 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया है। दिल्ली में सबसे खराब हालात चांदनी चौक के हैं, जहां एक्यूआई 480 तक पहुंच गया है।

इसके अलावा बुराड़ी क्रॉसिंग में 459, मथुरा रोड पर 457, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 451, आया नगर में 433 और डीटीयू में 443 एक्यूआई दर्ज किया गया है। आनंद विहार (418), बवाना (416), अशोक विहार (405) और बदरपुर (405) जैसे इलाके भी जहरीली हवा की चपेट में हैं। द्वारका सेक्टर-8 (366) और घुम्मनहेरा (351) में भी हवा की गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है।

एनसीआर के अन्य शहरों की बात करें तो नोएडा की स्थिति भी दिल्ली से बेहतर नहीं है। नोएडा के 7 स्टेशनों में से सेक्टर-62 में एक्यूआई 474 दर्ज किया गया है, जो सीवियर प्लस श्रेणी में आता है। सेक्टर-116 में 402, सेक्टर-125 में 353 और सेक्टर-1 में 335 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया है। वहीं, गाजियाबाद की हवा भी जहर घोल रही है। यहां इंदिरापुरम में एक्यूआई 432, वसुंधरा में 405, न्यू तहसील-लोनी में 398, वेव सिटी में 396 और संजय नगर में 391 दर्ज किया गया है।

अन्य इलाकों में लोनी (385), वेद विहार-लोनी (345) और गोविंदपुरम (253) में भी प्रदूषण का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि ठंड बढ़ने के साथ ही हवा की गति धीमी होने और प्रदूषकों के नीचे बैठने की वजह से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक सुबह के समय कोहरा और स्मॉग जारी रहेगा, जिससे आने वाले दिनों में लोगों की दिक्कतें और बढ़ सकती हैं।

योग भारत को जानने का प्रवेश द्वार, पीएम मोदी ने बेंगलुरु में प्रशांत कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में लिया हिस्सा

बेंगलुरु ,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु में प्रशांत कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने प्रशांत कुटीरम के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की धरती सदियों से योग का केंद्र रही है। योग से जुड़े कितने ही आचार्यों और विद्वानों ने यहां जन्म लिया है और योग की परंपरा को समृद्ध भी किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मुझे योग की असाधारण ऊर्जा का अनुभव करने का अवसर मिला है। कर्नाटक सदियों से योग का केंद्र रहा है। यहां कई जाने-माने योग गुरुओं और विद्वानों का जन्म हुआ, जिन्होंने इस प्राचीन परंपरा को समृद्ध किया। प्रधानमंत्री ने कहा, प्रशांति कुटीरम में जो शुरुआत हुई थी, वह अब योग शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान बन गई है। योग के साथ-साथ, आपने आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को मिलाकर एक समग्र वेलनेस इकोसिस्टम भी विकसित किया है। तनाव से जुड़ी चुनौतियों और जीवनशैली से होने वाली बीमारियों जैसे क्षेत्रों में किए गए शोध ने दुनिया भर के लोगों की मदद की है। मैं इन उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रशांति कुटीरम की सराहना करता हूं।

उन्होंने एचवी शेषाद्रि को याद करते हुए कहा, प्रशांति कुटीरम की स्वर्ण जयंती के साथ ही इस वर्ष हम एचवी शेषाद्रि की जन्मशताब्दी भी मना रहे हैं। मैं उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। शेषाद्रि जी ने अपना पूरा जीवन 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' के मिशन को आगे बढ़ाने में लगाया। शेषाद्रि जी के बारे में एक और बात है, जिसे मैं कभी नहीं भूल सकता।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस : क्राइम ब्रांच यूनिट-2 को सौंपी गई जांच, अब एसीपी सदाशिव राणे संभालेंगे कमान

मुंबई,(आरएनएस)। अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग के मामले में मुंबई पुलिस ने जांच को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी-एक्सटॉर्शन सेल (एईसी) से इस हाई-प्रोफाइल केस की जांच वापस लेकर क्राइम ब्रांच की यूनिट-2 को सौंप दी गई है। मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) की धाराएं लगने के बाद जांच की जिम्मेदारी में यह बदलाव किया गया है। अब सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सदाशिव राणे इस मामले के नए जांच अधिकारी होंगे। उनकी मदद के लिए यूनिट-2 की एक विशेष टीम भी बनाई गई है। इस बदलाव को मुंबई पुलिस आयुक्त के एक अहम फैसले के तौर पर देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पुलिस आयुक्त ने क्राइम ब्रांच की यूनिट एंटी-एक्सटॉर्शन सेल को अपने पास मौजूद तीन से चार महत्वपूर्ण और हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच दूसरी क्राइम ब्रांच यूनिट्स को सौंपने का निर्देश दिया है। इसके बाद टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस को भी एईसी से लेकर यूनिट-2 को सौंप दिया गया। इस फैसले के बाद क्राइम ब्रांच के



भीतर हलचल तेज हो गई है।

क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जांच टीम में बदलाव की वजह बताते हुए कहा कि मकोका के कानूनी प्रावधानों के तहत इस कानून के अंतर्गत आने वाले मामलों की जांच एसीपी स्तर के अधिकारी द्वारा की जानी जरूरी है। इसी नियम को ध्यान में रखते हुए टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस की जांच एसीपी सदाशिव राणे को सौंपी गई है। अब नई टीम मकोका के तहत मामले की आगे की जांच करेगी।

टाइगर श्रॉफ पर 18 अक्टूबर को फायरिंग हुई थी। जुहू इलाके में फुटबॉल ग्राउंड और क्लब के पास फायरिंग की घटना हुई थी। उस समय टाइगर श्रॉफ फुटबॉल खेलकर निकल रहे थे। इसी दौरान उन्हें निशाना बनाया गया। इस फायरिंग में टाइगर के ड्राइवर फिरदौस और एक ऑटो चालक राकेश घायल हो गए थे। मामले की शुरुआती जांच में पुलिस को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े लोगों के कथित कनेक्शन का पता चला।

जांच में फूल सिंह, रेहान और ऋतिक उर्फ रोशन समेत कई नाम सामने आए और बताया गया कि आरोपियों ने फायरिंग की साजिश को अंजाम देने के लिए इलाके की रेकी की थी। जांच के दौरान घटनास्थल से पांच खाली कारतूस और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए।

इस मामले में पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए 27 अक्टूबर को पुलिस ने इसमें मकोका की धाराएं भी जोड़ दीं।

हरदोई में शराब सेल्समैन से लूटपाट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, मुठभेड़ में एक को लगी गोली

हरदोई, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के हरदोई के कोतवाली देहात क्षेत्र में शराब सेल्समैन से हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुठभेड़ के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी बृजेंद्र के दाहिने पैर में गोली लगी है। घायल आरोपी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, 12-13 नवंबर की रात पोखरी तिराहे के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। इसी दौरान एक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में कोतवाली देहात क्षेत्र के रिक्खा पुरवा निवासी बृजेंद्र, अंकुर और गंगेव और हरियावां क्षेत्र के उतरा निवासी शोभित शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटे गए 1 लाख 46 हजार रुपये, वारदात में इस्तेमाल बाइक, अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। सीओ सिटी अजीत चौहान ने बताया कि 8 नवंबर की रात करीब साढ़े दस बजे आशानगर निवासी शराब सेल्समैन राजेश कुमार सिंह हरियावां स्थित देशी शराब का ठेका बंद कर कैंटीन संचालक सुरजीत कुमार के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। पोखरी तिराहे से करीब 100 मीटर आगे पिहानी चुंगी की तरफ पहुंचते ही बाइक सवार बदमाशों ने पैसों से भरा बैग लूट लिया था। बैग में करीब ढाई से तीन लाख रुपये बताए गए थे। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

सीओ सिटी ने बताया कि घटना के सफल व शीघ्र अनावरण के लिए तीन टीमें गठित की गई थीं। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज, आसपास के लोगों से पूछताछ व सर्विलांस आदि की सहायता से घटना के अनावरण के लिए निरंतर प्रयासरत थी। इसी दौरान 12-13 नवंबर की मध्यरात्रि में मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि दो मोटरसाइकिलों पर लूट की घटना में शामिल चार आरोपी हरियावां से पोखरी तिराहे की तरफ आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा नयागांव मोड़ पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जाने लगी।

महाराष्ट्र : मंत्री संजय शिरसाट के छत्रपति संभाजीनगर स्थित घर पर हमले की कोशिश, तीन आरोपी गिरफ्तार

छत्रपति संभाजीनगर (आरएनएस)। महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट के गोलवाड़ी इलाके में स्थित घर के बाहर गुरुवार देर रात हमले की कोशिश की गई। बताया जा रहा है कि नशे में धुत तीन युवकों ने हंगामा किया, शराब की बोतलें तोड़ीं और सुरक्षाकर्मियों से भी भिड़ गए। सतारा पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। इस घटना के बारे में खुद मंत्री शिरसाट ने रात में एक वीडियो जारी कर इसकी जानकारी दी थी। शिरसाट के मुताबिक, यह घटना रात 10:30 बजे से 11:00 बजे के बीच हुई। नशे में धुत तीन युवकों ने बंगले के पास हंगामा किया। जब सुरक्षा कर्मियों ने बीच-बचाव किया, तो कहा जा रहा है कि युवकों ने घर की तरफ बोतलें फेंकीं।

शिरसाट ने कहा कि पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। उनके मुताबिक, पहले तो लड़के अपनी गाड़ी से गिर गए, फिर मौके से चले गए और फिर मेन गेट पर लौट आए। जब गार्ड्स ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो संदिग्धों ने कथित तौर पर उन्हें धमकाने की कोशिश की।शुरुआती रिपोर्ट्स में बताया गया था कि दो सिक्योरिटी गार्ड्स घायल हुए थे, लेकिन बाद में मंत्री शिरसाट ने साफ किया कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई, हालांकि उनकी पार्टी के एक कार्यकर्ता को हल्की चोट आई और उसे मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए भेजा गया। मंत्री के घर पर यह दूसरी ऐसी घटना है। इससे पहले, एक लड़का चाकू लेकर उनके घर तक पहुंच गया था।इस घटना के बाद, मंत्री शिरसाट ने स्थानीय पुलिस पर गहरी नाराजगी जताई और शहर में कानून-व्यवस्था की हालत पर सवाल उठाए।

केंद्र सरकार ने जाकिर नाइक की इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन पर लगे प्रतिबंध को पांच साल और बढ़ाया



नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारत सरकार ने जाकिर नाइक के नेतृत्व वाली इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) पर लगे प्रतिबंध को और पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। इसे एक गैर-कानूनी संगठन माना गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को इसके संबंध में अधिसूचना जारी की। गृह मंत्रालय के अनुसार, गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 6 की उप-धारा (1) के तहत इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन पर लगाए गए प्रतिबंध की अवधि 14 नवंबर 2026 को समाप्त हो रही है। केंद्र सरकार ने 15 नवंबर 2021 को गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम-1967 की धारा 3 की उप-धारा (1) के तहत इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन को एक गैर-कानूनी संगठन घोषित किया था। फिलहाल, सरकार ने इस प्रतिबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ाया है। शुक्रवार को जारी अधिसूचना में इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन पर प्रतिबंध बढ़ाने के कई कारण बताए गए हैं। इसमें कहा गया, केंद्र सरकार का यह मानना है कि इसकी गतिविधियों को देखते हुए आईआरएफ को तत्काल प्रभाव से एक गैर-कानूनी संगठन घोषित करना जरूरी है।गृह मंत्रालय ने आईआरएफ पर ऐसी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया, जो देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक हैं और जिनसे शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ने का खतरा है। साथ ही, जाकिर नाइक के भाषणों को मुख्य आधार बनाया है।अधिसूचना में कहा गया, जाकिर नाइक अलग-अलग धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी और नफरत को बढ़ावा दे रहा है। वह भारत व विदेशों में एक विशेष धर्म के युवाओं को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है। ज़ाकिर नाइक ने अंतरराष्ट्रीय सैटेलाइट टीवी नेटवर्क, इंटरनेट, प्रिंट और सोशल मीडिया के माध्यम से दुनिया भर में लाखों लोगों के सामने कट्टरपंथी बयान दिए और भाषण दिए।गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक आधिकारिक बयान में कहा, गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उप-धाराओं (1) और (3) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए केंद्र सरकार इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन को एक गैर-कानूनी संगठन घोषित करती है।

कोटपूतली में चुनावी चर्चा के दौरान हंगामा, दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, दो युवक गंभीर घायल

कोटपूतली (आरएनएस)। राजस्थान के कोटपूतली में दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 पर स्थित एक होटल में खाना खाते समय दो पक्षों के बीच चुनावी चर्चा को लेकर मारपीट हो गई। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिसमें इलाज के लिए राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, कैरोड़ी (राजनौता) निवासी 31 वर्षीय संजय सिंह पुत्र कंवरपाल सिंह और 33 वर्षीय प्रदीप सिंह पुत्र नौरंग सिंह देर रात प्रिंस होटल में खाना खाने पहुंचे थे। इसी दौरान होटल में मौजूद कुछ अन्य लोगों के साथ उनकी चुनावी मुद्दों को लेकर चर्चा शुरू हो गई। बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस हो गई। देखते ही देखते कहासुनी गाली-गलौच में बदल गई और फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ लोगों ने संजय सिंह और प्रदीप सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान दोनों युवकों के साथ जमकर मारपीट की गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। झड़प के दौरान होटल में भी तोड़फोड़ की गई। अचानक हुई इस घटना से होटल में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वारदात के बाद दोनों घायलों को तत्काल राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।होटल में हुई मारपीट और तोड़फोड़ की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। ऐसे में पुलिस के लिए घटनाक्रम की जांच में सीसीटीवी फुटेज अहम साक्ष्य साबित हो सकते हैं। फुटेज के आधार पर विवाद में शामिल लोगों की पहचान और घटना में उनकी भूमिका स्पष्ट हो सकती है।घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव संपन्न होने के बाद भी चुनावी रंजिश को लेकर विवाद और



मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो क्षेत्र की शांति व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व आपसी वैमनस्य को बढ़ावा देकर क्षेत्र का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करवाने, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

अमृतसर में सचिन पायलट की साइकिल रैली के विरोध पर कांग्रेस नेता बोले- काली झंडी हमारे लिए काला टीका

अमृतसर ,(आरएनएस) । कांग्रेस नेताओं सचिन पायलट, डॉ. राज कुमार वेरका और सुखविंदर सिंह डैनी बंडाला ने 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों, संगठनात्मक एकता और टिकट चयन को लेकर चर्चा की। डॉ. वेरका ने चरणजीत सिंह चन्नी की रैली के दौरान हुए विरोध को खारिज किया और पायलट ने आप सरकार की आलोचना की। सचिन पायलट ने कहा, सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और हम फीडबैक ले रहे हैं। पार्टी के अभियान को कैसे मजबूत करना है, इसपर बात हुई। ये बैठक बहुत अच्छी रही है। कार्यकर्ताओं में बहुत उत्साह है और सभी चाहते हैं कि पंजाब में कांग्रेस जीते। सभी एकजुट हैं और सभी चाहते हैं कि पंजाब में कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में लीड करे। आप सरकार का जाना तय है और कांग्रेस को जनता आशीर्वाद देगी। डॉ. राज कुमार वेरका ने कहा, सचिन पायलट आए हैं और जिस शहर में जाते हैं, कांग्रेस के सीनियर-जूनियर सभी नेताओं से मिलते हैं, कार्यकर्ताओं से मिलते हैं और उनका भी मनोबल बढ़ता है कि उनका नेता उनसे मिलने के लिए आया है। वो सब लोगों से आकर मिलते रहते हैं और ये तो पारिवारिक मिलन है, परिवार के साथ तो मिलते रहते हैं।

पाकिस्तान में सेना की चौकी पर बड़ा आतंकी हमला, विस्फोटकों से भरी गाड़ी से उड़ाई दीवार; 5 जवानों समेत 8 की मौत



इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में आतंकियों ने एक बार फिर सुरक्षा बलों को निशाना बनाया है। मस्तुंग जिले के कनक इलाके में आतंकियों ने सेना की कंदवाह सुरक्षा चौकी पर भीषण हमला कर दिया। हमलावर विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर पहुंचे और उसे चौकी की बाहरी दीवार से टकरा दिया। जोरदार धमाके के साथ दीवार ढह गई और इसके बाद आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस हमले में पांच सुरक्षाकर्मियों समेत आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, गाड़ी में हुए विस्फोट के बाद आतंकियों ने चौकी में घुसने की कोशिश की। हालांकि, सुरक्षाबलों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। दोनों तरफ से काफी देर तक गोलीबारी हुई। इस दौरान पांच जवानों की जान चली गई। वहीं, तीन आम नागरिक भी हमले की चपेट में आकर मारे गए। इनमें दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। जवाबी कार्रवाई के बीच आतंकी मौके से फरार होने में कामयाब रहे।

विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी चपेट में आसपास के मकान भी आ गए। कई घरों की दीवारें ढह गईं और मलबे में दबने से कुछ लोग घायल हो गए। धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

हमले की सूचना मिलते ही फ्रंटियर कॉर्प्स (FC) के जवान और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गए। सुरक्षाबलों ने कनक सेक्टर की घेराबंदी कर अतिरिक्त बल तैनात कर दिया। इसके बाद पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन हमलावरों का कोई सुराग नहीं मिला। मस्तुंग और आसपास के जिलों में सुरक्षा बढ़ाने के साथ गश्त और वाहनों की जांच भी तेज कर दी गई है।

पाकिस्तान में वर्ष 2026 के दौरान खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सेना तथा पुलिस पर कई बड़े आतंकी हमले हो चुके हैं। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ISPR के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2026 तक देश में 3,145 आतंकी हमले हुए थे। इनमें 303 सैन्यकर्मियों और 194 पुलिसकर्मियों की मौत हुई थी।

नेपाल में बड़ा हादसा, खाई में यात्री वाहन गिरने से 10 लोगों की दर्दनाक मौत, मची चीख पुकार

काठमांडू (ए.)। मध्य नेपाल के मकवानपुर जिले में सुबह एक इलेक्ट्रिक यात्री वाहन के गहरी खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) अधिकारी ने यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के अनुसार, जिले के भीमफेदी ग्रामीण नगर पालिका-6 के चिसापानी गढ़ी में गुरुवार तड़के एक वाहन सड़क से लगभग 700 मीटर नीचे खाई में गिर गया। इस हादसे में पांच पुरुष, तीन महिलाओं और दो बच्चों समेत 10 की मौत हो गई। जिले में तैनात एपीएफ के पुलिस अधीक्षक निवान कुमार खड़का ने आईएएनएस को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है।

एपीएफ के अनुसार, यात्री वाहन में 15 लोग सवार थे और यह राजधानी काठमांडू से दक्षिणी सर्लाही जिले के मुख्यालय मलंगवा जा रहा था। खड़का ने बताया कि घायलों में से तीन का इलाज बागमती प्रांत की राजधानी स्थित हेटौडा अस्पताल में चल रहा है। सुबह-सुबह हादसे की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाकर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया। खड़का ने बताया, घटनास्थल के आसपास शव बिखरे हुए थे, 10 लोगों की मौत की पुष्टि तुरंत हो गई थी। उन्होंने कहा कि अभी तक हादसे के कारण का पता नहीं चल पाया है।

अमेरिका का बर्थ टूरिज्म पर बड़ा एक्शन, 6,000 से अधिक वीजा किए रद्द

वाशिंगटन (आरएनएस),। अमेरिकी विदेश विभाग ने 6,000 से अधिक लोगों के वीजा रद्द कर दिए हैं, जिन्होंने बर्थ टूरिज्म (बच्चे को जन्म देने के लिए विदेश यात्रा) में हिस्सा लिया था या इसे बढ़ावा दिया था। विभाग ने एक्स पोस्ट में बताया, डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट की बर्थ टूरिज्म प्रिवेंशन टास्क फोर्स ने अब ऐसे विदेशियों के 6,000 से अधिक वीजा रद्द कर दिए हैं, जो 'बर्थ टूरिज्म' (बच्चे को जन्म देने के लिए विदेश यात्रा) में शामिल थे या जिन्होंने इसमें मदद की थी। विभाग ने कहा, हम इस गैरकानूनी काम में शामिल हर व्यक्ति की पहचान कर रहे हैं और उन्हें जवाबदेह ठहरा रहे हैं।

यह 31 अक्टूबर को विभाग द्वारा बताए गए 4,000 से अधिक वीजा रद्द किए जाने के आंकड़ों से ज्यादा है। दोनों ही आंकड़ों से यह पता नहीं चलता कि वास्तव में कितनी बढ़ोतरी हुई है। अक्टूबर में जारी जानकारी में विभाग ने बताया था कि 'बर्थ टूरिज्म' के लिए रद्द किए गए वीजा में से 700 से अधिक चीनी नागरिकों के थे। ताजा बयान में यह नहीं बताया गया है कि इनमें किस देश के कितने नागरिक शामिल हैं।

विभाग की घोषणा वीजा रद्द करने से जुड़ी है। वीजा रद्द होने का मतलब यह नहीं है कि उस व्यक्ति को देश से निकाला गया है या वह किसी अपराध का दोषी है।विदेश विभाग (स्टेट डिपार्टमेंट) के एक नियम के अनुसार, अमेरिका में बच्चे को जन्म देकर उसके लिए अमेरिकी नागरिकता हासिल करने के मुख्य उद्देश्य से की गई यात्रा, बी नॉन-इमिग्रेंट वीजा जारी करने का वैध आधार नहीं है। इस नियम के तहत, यदि कांसुलर अधिकारी को यह मानने का कारण मिलता है कि आवेदिका अपनी यात्रा के दौरान बच्चे को जन्म देगी, तो उस उद्देश्य को लेकर एक ऐसी धारणा बन जाती है, जिसे आवेदिका गलत साबित कर सकती है। इससे अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने के तरीके में कोई बदलाव नहीं आया है।विभाग ने 12 अगस्त को बर्थ टूरिज्म प्रिवेंशन टास्क फोर्स का गठन किया और बताया कि वह दुनिया भर में 600 से अधिक वीजा पहले ही रद्द कर चुका है।

गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा अमेरिका- व्हाइट हाउस के पास चार लोगों को मारी गई गोली, एटीएफ ने संभाला मोर्चा

वॉशिंगटन (आरएनएस),। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में गुरुवार सुबह गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। व्हाइट हाउस से करीब एक मील उत्तर में स्थित पॉश इलाके लोगन सर्कल में हुई इस वारदात में चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। पूरे इलाके में घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार, गोलीबारी की घटना लोगन सर्कल में 15वीं स्ट्रीट के आसपास हुई। हालांकि, वारदात किस सटीक स्थान पर हुई और गोली चलने के पीछे क्या वजह थी, इसकी तत्काल जानकारी सामने नहीं आई। पुलिस अधिकारी नाथन क्लार्क ने बताया कि मामले की जांच जारी है। अधिकारियों ने लोगों से 15वीं स्ट्रीट के 1500 ब्लॉक की ओर जाने से बचने की अपील की है।घटनास्थल के आसपास वीआईडीए फिटनेस सेंटर, सेंट ल्यूक एपिस्कोपल चर्च और कई आवासीय इमारतें स्थित हैं। यह इलाका होल फूड्स सुपरमार्केट के नजदीक है।

यूएई के फुजैराह में भीषण सड़क हादसा: बेकाबू ट्रक ने 23 गाड़ियों को मारी टक्कर, भारतीय नागरिकों समेत 14 लोगों की मौत, 30 घायल



दुबई/फुजैराह (आरएनएस)। संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के फुजैराह में आधी रात से ठीक पहले हुए एक भीषण सड़क हादसे में भारतीय नागरिकों समेत 14 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 30 अन्य लोग घायल हो गए। हादसे में एक बेकाबू ट्रक ने कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिसके बाद ट्रक में लगी भीषण आग ने आसपास की गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

एंट्री गेट पर धीमी रफ्तार वाहनों से जा टकराया ट्रक 23 गाड़ियां हुईं क्षतिग्रस्त- यूएई के गृह मंत्रालय के अनुसार, यह दुर्घटना फुजैराह के एंट्री गेट पर आधी रात से कुछ समय पहले हुई, जब सड़क पर वाहन धीमी गति से चल रहे थे। हादसे में कुल 23 वाहन शामिल थे, जिनमें पांच ट्रक भी थे।भीषण आग से बढ़ी जनहानि- मंत्रालय ने बताया कि टक्कर लगते ही ट्रक में आग भड़क उठी, जो देखते ही देखते आसपास खड़े और फंसे हुए अन्य वाहनों तक फैल गई। आग की लपटों के कारण बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ।मृतकों की पहचान के लिए डीएनए जांच, भारतीय दूतावास सक्रिय अस्पताल में घायलों का उपचार- फुजैराह पुलिस ने जानकारी दी कि दुर्घटना में घायल हुए सभी 30 लोगों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। आग में झुलसने के कारण मृतकों की शिनाख्त के लिए डीएनए (DNA) जांच का सहारा लिया जा रहा है।भारतीय वाणिज्य दूतावास की मदद पुलिस के मुताबिक मृतकों में यूएई के कुछ स्थानीय नागरिक शामिल हैं। वहीं, यूएई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पुष्टि की है कि इस हादसे में भारतीय नागरिकों की भी जान गई है। दूतावास ने कहा है कि वह पीड़ित परिवारों के संपर्क में है और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध करा रहा है।

न्यूयॉर्क में बड़ा हादसा, तीन मंजिला इमारत गिरने से 8 लोगों की मौत; 17 लापता

वाशिंगटन (आरएनएस)। न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन इलाके में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां तीन मंजिला इमारत अचानक ढह गई। इस दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग लापता बताए जा रहे हैं। घायलों में तीन दमकलकर्मी भी शामिल हैं। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, वर्ष 1930 में बनी यह इमारत स्थानीय समयानुसार बुधवार शाम करीब 4 बजे 2625 बेडफोर्ड एवेन्यू पर अचानक गिर गई। जिस स्थान पर इमारत स्थित थी, उसके ठीक बगल में निर्माण कार्य चल रहा था और वहां नई इमारत बनाने के लिए खुदाई की जा रही थी। इमारत गिरने का असर पास की बिल्डिंग पर भी पड़ा और उसकी एक दीवार टूट गई। इसके कारण अंदर बने एक अपार्टमेंट का हिस्सा बाहर से दिखाई देने लगा।निर्माण स्थल पर खुदाई के दौरान हुआ हादसाइमारत गिरने की असली वजह का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

मनोरंजन

कट्टरपंथ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, करीना कपूर के पेंडेंट पहनने पर नेताओं और जगद्गुरु परमहंस आचार्य की प्रतिक्रिया

अभिनेत्री करीना कपूर द्वारा दीपावली के दौरान पहना गया 30 कैरेट पन्ना जड़ा पेंडेंट चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मुद्दे पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। भोपाल कांग्रेस के नेता और प्रवक्ता अब्बास हफीज ने पेंडेंट को लेकर आपत्ति जताई है, जबकि छावनी पीठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य, शिवसेना की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाइना एनसी और हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने करीना कपूर के समर्थन में बयान दिया है। तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने आईएएनएस के साथ बातचीत में अभिनेत्री करीना कपूर का समर्थन किया है। उनका कहना है कि भारत एक संवैधानिक देश है और यहां पर हर किसी को अपनी पसंद के कपड़े पहनने और अपने तरीके से जीवन जीने की आजादी है। उन्होंने कहा, भारत एक संवैधानिक राष्ट्र है और यहां पर क्रूरता और कट्टरपंथ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी को संविधान के दायरे में रहना होगा। यहां पर रहने वाला प्रत्येक नागरिक संविधान के दायरे में रहेगा और अगर इससे हटकर कोई यहां पर कट्टरता, क्रूरता या शरिया कानून चलाने का प्रयास करेगा, तो उसके ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



उन्होंने कहा, मैं करीना कपूर का समर्थक नहीं हूं, लेकिन यह जरूर कहूंगा कि भारत में महिलाओं का सम्मान देवियों जैसा है। हमारे यहां कन्या पूजन होता है। महिलाएं क्या पहन रही हैं और किस तरह के कपड़े पहन रही हैं, उनके ऊपर लीगल नोटिस भेजने वाले के ऊपर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। अयोध्या नगरी से तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगदगुरु परमहंस आचार्य होने के नाते, मैं उस व्यक्ति की निंदा करता हूं, जिसने करीना कपूर की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर अपनी घृणित मानसिकता का प्रदर्शन किया है।

शिवसेना नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता शाइना एनसी ने करीना कपूर का समर्थन करते हुए कहा कि इस तरह की बातें कांग्रेस लाइमलाइट में आने के लिए कर रही है। उन्होंने कहा, ये अब्बास हफीज कौन हैं और उन्हें करीना कपूर के पहनावे से इतनी आपत्ति क्यों हो रही है? अभिनेत्री ने अपनी विरासत का पीस पहना है, कहीं से चोरी या उधार मांगकर तो पहना नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, यह उस व्यक्ति की इच्छा होनी चाहिए कि वह हार पहने, पीस या फिर ताबीज पहने या नहीं। इतनी छोटी-छोटी चीज़ के लिए शिकायत दर्ज करवाई जाती है, तो एक चीज़ स्पष्ट होती है कि कांग्रेस पार्टी पब्लिसिटी या मीडिया के सामने बने रहने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने करीना कपूर का समर्थन करते हुए कहा, करीना कपूर क्यों माफी मांगे? उन्होंने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने तो बस अपनी विरासत की चीज़ ही पहनी है। अपनी चीज़ कब, कहाँ और किस जगह पहननी चाहिए, यह उनका मत होगा। खैर, कांग्रेस पार्टी बौखला गई है और मीडिया के सामने बने रहने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने पेंडेंट विवाद के बीच करीना कपूर का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अभिनेत्री को किसी से माफी मांगने की जरूरत नहीं है और पेंडेंट पहनना स्वाभाविक है, क्योंकि यह गले में पहनने के लिए है।

मुझे 16 साल की उम्र में ही पता चल गया था कि अभिनेत्री बनूंगी : दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने एक्टिंग करियर के बारे में बताया कि उन्हें 16 साल की उम्र में पता चल गया था कि वह अभिनेत्री बनना चाहती थीं। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इस समय बॉलीवुड की सबसे भरोसेमंद अभिनेत्रियों में से एक हैं। जब उन्होंने ट्रिपल एक्स - द रिटर्न ऑफ जेंडर केज के साथ हॉलीवुड में कदम रखा, तो दीपिका द एलेन डीजेनेरेस शो में भी नजर आईं। एलेन से बात करते हुए बाजीराव मस्तानी फिल्म की अभिनेत्री ने अपने पिता प्रकाश पादुकोण के बैडमिंटन करियर के बारे में खुलकर बात की।

दीपिका ने बताया कि उन्होंने भारत में ऐसे समय में बैडमिंटन खेला, जब कोई भी प्रोफेशनल तौर पर बैडमिंटन नहीं खेलता था। उस समय हर कोई डॉक्टर या वकील बनना चाहता था, लेकिन वे एक खिलाड़ी थे।

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी अपने पिता के नक्शेकदम पर चलने की इच्छा जताई थी, तो अभिनेत्री ने जवाब दिया कि मैं ऐसा करके उन्हें खुश कर सकती थी, लेकिन वे हमेशा यही कहते थे कि अपने दिल की सुनो।

अभिनय के प्रति अपना प्यार जताते हुए दीपिका ने बताया कि 16 साल की उम्र में ही उन्हें पता चल गया था कि वह एक अभिनेत्री बनना चाहती हैं।उन्होंने आगे कहा कि कैमरे के सामने रहना उन्हें बेहद खुशी देता है।दीपिका ने एलेन को यह भी बताया कि एक बार उन्होंने अपना पोर्टफोलियो शूट करने के लिए अपनी मां से 10,000 रुपए उधार लिए थे। पैसे मांगते समय अभिनेत्री ने अपनी मां को भरोसा दिलाया कि वह उनके पैसे लौटा देंगी और उन्हें गौरवान्वित भी करेंगी।दीपिका ने बताया कि एक दिन मैंने



अपनी मां को बिठाया और कहा कि क्या मैं आपसे 10,000 रुपए उधार ले सकती हूं? मुझे पोर्टफोलियो शूट करने के लिए पैसों की जरूरत थी। मैंने उनसे कहा कि एक दिन मैं उन्हें गौरवान्वित करूंगी और कभी न कभी उनके पैसे भी लौटा दूंगी।साल 2007 में शाहरुख खान के साथ ओम शांति ओम से अपने करियर की शुरुआत करने के बाद, दीपिका कई प्रमुख फिल्मों का हिस्सा बनीं, जिनमें ये जवानी है दीवानी (2013), चेन्नई एक्सप्रेस (2013), गोलियों की रासलीला राम-लीला (2013), पीकू (2015), बाजीराव मस्तानी (2015), पद्मावत (2018), छपाक (2020), पठान (2023), जवान (2023) और कल्कि 2898 एडी (2024) शामिल हैं।

ओ साथी रे में दिखेगी अधूरी मोहब्बत की कहानी, इम्तियाज बोले-प्यार खूबसूरत है पर रिश्ता बराबर नहीं



इम्तियाज अली आगामी वेब सीरीज ओ साथी रे ओटीटी पर प्रदर्शित होने के लिए तैयार है। इम्तियाज अली ने कहा कि यह सीरीज एक मॉडर्न रोमांटिर शो है, जिसका दिल पुराने जमाने का है। सीरीज के बारे में बात करते हुए इम्तियाज ने कहा, ओ साथी रे एक मॉडर्न रोमांटिक शो है, जिसका दिल पुराने जमाने का है। कभी-कभी प्यार आपको सबसे अनजान जगहों पर मिलकर चौंका देता है। ये एक तलाक ले रहे कपल के बीच बढ़ते लगाव की कहानी है। लगाव में धड़कता हुआ दिल होता है, प्यार खूबसूरत होता है लेकिन रिश्ता बराबर नहीं हो सकता। ओ साथी रे उन किरदारों की कहानी है, जो प्यार में मौजूद असमानता से गुजरते हैं। अपनी पहचान और चाहत को समझने से लेकर रिश्तों में पावर की लड़ाई और समझने और छोड़ देने के बीच के नाजुक बैलेंस तक। ये सीरीज प्यार को एक समझदार नजरिए से दिखाती है, जो आम रोमांटिक कहानियों से अलग है। इम्तियाज ने कहा, एक परफेक्ट कपल होना कई बार बोझ भी बन जाता है। ओ साथी रे में हमें देखने को मिलेगा कि जहां चाहत, सपने और साथ आने का नाम है, वहीं ये छोड़ देने की प्रक्रिया भी हो सकती है। किरदार कई परतों वाले और बिल्कुल असली जिंदगी जैसे हैं, इसीलिए हमने सबसे बेहतरीन एक्टर्स को लिया है।

यह सीरीज एक ऐसे जोड़े की कहानी है जो तलाक की प्रक्रिया से गुजर रहा है। इसमें समकालीन रिश्तों की जटिलताओं, प्यार, अलगाव और त्याग की भावनाओं को बेहद मार्मिक अंदाज में दिखाया गया है।

आरिफ अली द्वारा निर्देशित सीरीज में अदिति राव हैदरी, अविनाश तिवारी और अर्जुन रामपाल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इम्तियाज अली ने इस शो को बनाया, लिखा और संभाला है। विंडो सीट फिल्म्स (इम्तियाज अली, मोहित चौधरी और शिबाशीष सरकार) के बैनर तले वेब सीरीज ओ साथी रे 4 दिसंबर 2026 को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

रीढ़ को लचीला और तनाव को दूर करता है मार्जरीआसन-बिटिलासन, जानें इसके फायदे

आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में दर्द, गर्दन की अकड़न और तनाव आम समस्या बन गई है। घंटों कुर्सी पर बैठकर काम करना, मोबाइल चलाना और गलत पोस्चर की वजह से हमारी रीढ़ की हड्डी पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। ऐसे में मार्जरीआसन-बिटिलासन रीढ़ को लचीला बनाने में सबसे ज्यादा मदद करते हैं। इन दोनों आसनों में शरीर की मुद्रा बिल्कुल बिल्ली और गाय की तरह बनती है, इसलिए इन्हें कैट-काउ पोज भी कहा जाता है। ये आसन सांस के साथ तालमेल बिठाकर किए जाते हैं। एक बार पीठ को ऊपर उठाया जाता है और एक बार नीचे झुकाया जाता है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, मार्जरीआसन-बिटिलासन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाने और शरीर को तनावमुक्त करने का एक अत्यंत प्रभावी एवं बुनियादी योगासन है। इसमें श्वास की गति के साथ दो मुद्राओं (बिटिलासन और मार्जरीआसन) को लयबद्ध तरीके से जोड़ा जाता है।

सुबह की शुरुआत हो या योग की प्रैक्टिस, मार्जरीआसन-बिटिलासन शरीर को खोलने और दिनभर की थकान को दूर करने के लिए सबसे अच्छे माने जाते हैं। इससे न सिर्फ रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है, बल्कि पेट, पीठ और गर्दन की मांसपेशियों को भी आराम मिलता है। सुबह की शुरुआत हो या योग की प्रैक्टिस, मार्जरीआसन-बिटिलासन शरीर को खोलने और दिनभर की थकान को दूर करने के लिए सबसे अच्छे माने जाते हैं।



मार्जरी-बिटिलासन रोजाना करने से कमर के निचले हिस्से के दर्द (लंबर पेन) और साइटिका में राहत मिलती है। गर्दन और कंधों की जकड़न दूर होती है, सर्वाइकल पेन में आराम मिलता है। रीढ़ की हड्डी लचीली बनती है, स्पॉन्डिलाइटिस में लाभ होता है। पेट की चर्बी कम होती है और पाचन सुधरता है। इससे तनाव और चिड़चिड़ापन कम होता है, नींद अच्छी आती है। फेफड़े पूरी क्षमता से खुलते हैं।

योग एक्सपर्ट बताते हैं कि यह आसन करने से पूरा शरीर एक्टिव और दर्द-मुक्त हो जाता है। हालांकि, किसी प्रकार के ज्वाइंट पेन से पीड़ित व्यक्तियों को एक्सपर्ट की सलाह के बाद ही अभ्यास करना चाहिए।

जेलर 2 की धमाकेदार कामयाबी के बाद अब साल की सबसे चर्चित फिल्म ओम को नॉर्थ इंडिया में रिलीज़ करेगा पेन मरुधर

मुंबई फिल्म को लेकर देशभर में जबरदस्त माहौल बना हुआ है। शानदार सितारों की टोली, पांच राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं का एक साथ आना और साई अभ्यंकर का धमाकेदार संगीत- इन सबने मिलकर ओम- चैप्टर 1 ङ्क उधिरम- द ब्लड वुड को साल की सबसे चर्चित फिल्मों में शामिल कर दिया है। चेन्नई में हुए भव्य संगीत लॉन्च में हजारों प्रशंसकों की जबरदस्त मौजूदगी और शानदार प्रतिक्रिया के बाद अब निर्माता फिल्म को पूरे भारत में बड़े पैमाने पर रिलीज़ करने की तैयारी में जुट गए हैं। तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम बाज़ारों में वितरण साझेदारी की घोषणा के बाद अब फिल्म के साथ एक और बड़ा नाम जुड़ गया है।

पेन मरुधर अब फिल्म के उत्तर भारत में सिनेमाघरों में वितरण की जिम्मेदारी संभालेगा। इस साझेदारी के जरिए आरटेक स्टूडियोज़ और वंडरबार फिल्म्स के साथ मिलकर फिल्म को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने की तैयारी है। यानी दक्षिण से लेकर उत्तर तक, अब 'ओम' का धमाका बड़े पर्दे पर होने वाला है!

जनजातीय समाज भारत की आत्मा है : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री साय ने महती पत्रकार वार्ता में विश्वास व्यक्त किया, जनजातीय समाज 2047 के विकसित भारत का बनेगा मजबूत आधार

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि भाजपा के लिए जनजातीय समाज वोट बैंक नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र से यह समाज विकसित भारत का मजबूत आधार बन रहा है। श्री साय ने भगवान बिरसा मुण्डा को नमन करते हुए कहा है कि 15 नवम्बर 1875 को वर्तमान झारखण्ड प्रदेश के खूंटी जिले के उलिहातू में जन्मे युवा बिरसा ने अंग्रेजी शासन द्वारा जनजातीय समाज की जमीन, जंगल और स्वाभिमान छीने जाने के विरुद्ध समाज को नशे व कुरीतियों से दूर रहकर अपनी संस्कृति पर गर्व करने और विदेशी सत्ता से लड़ने के लिए जागृत किया। उन्होंने उलगुलान (महाक्रांति) का नेतृत्व करते हुए अबुआ दिशुम, अबुआ राज (हमारा देश, हमारा राज) का अमर नारा दिया। 9 जून 1900 को मात्र 25 वर्ष की आयु में रांची जेल में उन्हें जहर देकर मार दिया गया, किंतु उनके संघर्ष की बदौलत 1908 में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम बना, जिसने जनजातीय जमीन की रक्षा की। इसी कारण समाज उन्हें भगवान के रूप में पूजता है।

मुख्यमंत्री श्री साय गुरुवार को यहाँ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में 11 से 18 नवम्बर 2026 तक मनाए जा रहे जनजातीय गौरव सप्ताह के अंतर्गत आहूत महती पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री साय ने भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन संघर्ष, स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय नायकों के बलिदान, मोदी सरकार की ऐतिहासिक योजनाओं,



विपक्ष के 12 प्रमुख षड्यंत्रों और विकसित भारत 2047 के विज़न को विस्तार से मीडिया के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आजादी की लड़ाई 1857 से लगभग 100 वर्ष पूर्व ही जनजातीय वीरों ने प्रारम्भ कर दी थी। देश के प्रमुख जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करते हुए श्री साय ने कहा कि सन् 1784 में तिलका मांझी और 1855 में सिद्धो-कान्हू, चाँद-भैरव तथा फूलो-झानो, छत्तीसगढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह, झारखण्ड में तेलंगा खड़िया व बुधु भगत, निमाड़-मालवा में टंट्या भील, गोंडवाना में रानी दुर्गावती, रम्पा में अल्लूरी सीताराम राजू, तेलंगाना में कोमराम भीम और पूर्वोत्तर में रानी गाइदिन्ल्यू जनजातीय समाज के महानायक हैं। श्री साय ने कहा कि 1913 में मानगढ़ धाम पर गोविंद गुरु के सैकड़ों भील अनुयायियों का बलिदान जलियाँवाला बाग से भी पहले का है, जिसे 2022 में प्रधानमंत्री मोदी जी ने वहाँ जाकर नमन किया। श्री साय ने कहा कि दशकों तक इतिहास को चुनिंदा नामों तक सीमित रखा गया और इन हजारों सेनानियों को पाठ्यपुस्तकों से भी गायब रखा गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने 2021 से शुरू हुई जनजातीय गौरव दिवस की यात्रा का ब्यौरा देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। भोपाल में पहला आयोजन हुआ, राँची में बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान एवं संग्रहालय का लोकार्पण हुआ और भोपाल के हबीबगंज स्टेशन का नाम रानी कमलापति के नाम पर रखा गया। सन् 2022 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू खूंटी पहुँचीं। 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उलिहातू जाने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री बने और वहीं से ऐतिहासिक पीएम जनमन अभियान का शुभारंभ किया। 2024 में जमुई (बिहार) में राष्ट्रीय कार्यक्रम हुआ और 150वीं जयंती को पूरे वर्ष जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया गया। 2025 में गुजरात के डेडियापाड़ा में 9,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएँ समर्पित की गईं।

आयुक्त संबित मिश्रा ने छठ महापर्व के पूर्व महादेवघाट की व्यवस्था का किया प्रत्यक्ष निरीक्षण

रायपुर, (आरएनएस)। आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त संबित मिश्रा ने राजधानी रायपुर में महादेवघाट खारून नदी के तट पर छठ महापर्व के पूर्व सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का वहाँ पहुंचकर प्रत्यक्ष निरीक्षण किया. आयुक्त ने छठ महापर्व के पूर्व महादेवघाट की सुव्यवस्थित सफाई करवाने सहित आवश्यकता के अनुसार पेयजल, स्ट्रीट लाईट का समुचित प्रबंधन करवाने और पेंटिंग, रंग रौगन के कार्य शीघ्र करवाने के सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. इस दौरान सम्बंधित महादेवघाट छठ महापर्व आयोजन समिति के पदाधिकारीगणों, नगर निगम रायपुर के अपर आयुक्त रवि राही, नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल और सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा की उपस्थिति रही।

देवउठनी एकादशी पर 20 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित

रायपुर, (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने देवउठनी एकादशी पर्व के अवसर पर 20 नवंबर 2026, शुक्रवार को रायपुर जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, 20 नवंबर 2026 को घोषित स्थानीय अवकाश नवा रायपुर अटल नगर एवं रायपुर शहर (राजधानी) स्थित समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं को छोड़कर रायपुर जिले के शेष सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में लागू रहेगा।

भिलाई इस्पात संयंत्र की कोमल मेहरा ग्लोबल वुमेन एक्सीलेंस अवार्ड्स-2026 में 'एक्सीलेंस इन इंस्ट्रक्शनल लीडरशिप' पुरस्कार से सम्मानित

रायपुर, (आरएनएस)। भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजना-वाणिज्यिक विभाग में कार्यरत सहायक महाप्रबंधक कोमल मेहरा को प्रशिक्षण एवं नेतृत्व विकास के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए ग्लोबल वुमेन एक्सीलेंस अवार्ड्स-2026 के अंतर्गत 'एक्सीलेंस इन इंस्ट्रक्शनल लीडरशिप' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में ग्लोबल ट्रायम्फ फाउंडेशन द्वारा आयोजित ग्लोबल लीडरशिप समिट एंड अवार्ड्स-2026 में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

लीडरशिप बियॉन्ड बाउंड्रीज विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में नेतृत्व, नवाचार, समावेशन और सतत विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही भविष्य के नेतृत्व की चुनौतियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के बढ़ते प्रभाव तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा प्रणाली विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए।

कोमल मेहरा सेल में अधिकारियों के प्रशिक्षण, कौशल संवर्धन और क्षमता विकास से जुड़ी गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। उनके योगदान को देखते हुए सेल के निदेशक (कार्मिक) द्वारा उन्हें एसएचआरएम (सोसाइटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट) बेस्ट लर्नर अवार्ड तथा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के अवसर पर बेस्ट लर्निंग एम्बेसडर सम्मान से नवाजा जा चुका है।

जनजातीय गौरव दिवस को ऐतिहासिक बनाने भाजपा ने कसी कमर, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के स्वागत में कोरबा से उमड़ेगा जनसैलाब



कोरबा, (आरएनएस)। भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के पावन अवसर पर 15 नवंबर को आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप प्रदान करने तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के छत्तीसगढ़ में प्रथम आगमन को यादगार बनाने के लिए भाजपा संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में गुरुवार, 12 नवंबर 2026 को जिला भाजपा कार्यालय, कोरबा में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने की। बैठक में संभाग सह प्रभारी अभिषेक शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आयोजन की सफलता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रस्तावित प्रवास, भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन को लेकर व्यापक चर्चा हुई।

कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठनात्मक जिम्मेदारियों, कार्यकर्ताओं की सहभागिता, आवागमन, वाहन व्यवस्था तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। 10 हजार से अधिक लोगों के साथ धर्मजयगढ़ पहुंचेगा कोरबा जिला: गोपाल मोदीबैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि 15 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने जा रही है।

ग्राम दुगली में 17 नवंबर को गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा जनजाति गौरव दिवस

धमतरी, (आरएनएस)। जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपराओं, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से आगामी 17 नवंबर को धमतरी जिले के विकासखंड नगरी अंतर्गत ग्राम दुगली में जनजाति गौरव दिवस का गरिमामय आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री टंक राम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान जनजातीय समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के प्रमुखों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित कर उनके अदम्य साहस, त्याग और बलिदान का स्मरण किया जाएगा। आयोजन में जनजातीय लोककला, पारंपरिक लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से आदिवासी समाज की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और समृद्ध परंपराओं की मनोहारी झलक देखने को मिलेगी। इसके साथ ही विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा विभागीय प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए जाएंगे।

संपूर्ण रायपुर शहर में कुल 66930 नग सड़क बत्ती स्थापित है, जिसमें मात्र 667 नग लाईट बंद है, जो कि 1 प्रतिशत से भी कम है

रायपुर,(आरएनएस)। रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय विद्युत विभाग के माध्यम से नगर निगम रायपुर के सभी जोनों को अधोसंरचना मद से राशि 5 लाख रूपए प्रदान की गई है। जिससे जोन 1 ने 212, जोन 2 ने 140, जोन 3 ने 212, जोन 4 ने 202, जोन 5 ने 200, जोन 6 ने 215, जोन 7 ने 200 (निगम मद) जोन 8 ने 197, जोन 9 ने 188 और जोन 10 ने 212 कुल 1978 नग स्ट्रीट लाईट फिटिंग का कय किया गया है। उक्त फिटिंग को जोनो के द्वारा रिक्त पोलो में लगाने का काम किया जा रहा है। प्रत्येक जोन में लाइट फिटिंग के लिए चार गैंग कार्य कर रहे है। युद्धस्तर पर कार्य संपादित किया जा रहा है। कुल 102 मानव कार्य बल प्लेसमेंट के माध्यम से सड़क बत्ती का संचालन व संधारण कार्य कर रहे है।

लोक भवन में दीपावली मिलन समारोह आयोजित

रायपुर, (आरएनएस)। लोक भवन में आज राज्यपाल श्री रमेन डेका की उपस्थिति में दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में लोक भवन के अधिकारियों-कर्मचारियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर लोक भवन परिवार के सदस्यों और उनके बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत-संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह और उमंग का वातावरण बना दिया।

समारोह के दौरान लोक भवन के कर्मचारियों और उनके परिजनों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने भी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। राज्यपाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने लोक भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली के उपहार भी भेंट किए।

खेल समाचार

नेशंस लीग : ऐतिहासिक मुकाबले में हैरी केन का शानदार प्रदर्शन, जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड

नई दिल्ली (आरएनएस)। हैरी केन ने अपने ऐतिहासिक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 2-1 से हराकर यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। केन इंग्लैंड की पुरुष टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपना 126वां मैच खेला और देश के लिए अपना 92वां गोल करके इस मौके का शानदार जश्न मनाया। उन्होंने 64वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल किया। मॉर्गन रोजर्स ने पहले हाफ में इंग्लैंड को बढ़त दिलाई थी। हालांकि, एक घंटे का खेल पूरा होने से ठीक पहले पेटार सुसिक ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके पांच मिनट बाद केन ने पेनल्टी के जरिए गोल दागते हुए अपना 126वां मैच यादगार बना दिया। बाद में क्रोएशिया ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन निकोला व्लासिक का शॉट थोड़ा बाहर चला गया, और एंटे बुदिमिर के शॉट को जैरेल क्वानसा ने एक अहम ब्लॉक के जरिए रोक दिया। मैच से पहले हैरी केन आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने वेम्बली स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को अपनी बैलन डीओर ट्रॉफी दिखाई, जिसके बाद दर्शकों ने खड़े होकर इस ऐतिहासिक पल का सम्मान किया। 33 वर्षीय केन को पूर्व रिकॉर्डधारक पीटर शिल्टन और प्रिंस ऑफ वेल्स ने एक यादगार शर्ट भेंट की। इसके अलावा, क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ की ओर से लुका मोड्रिक (जो स्वयं पूर्व बैलन डीओर विजेता हैं) ने उन्हें एक विशेष उपहार दिया। वहीं दूसरी ओर, इजमिर में बेल्जियम ने तुर्की के खिलाफ 2-1 से शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

सर्गेन यालचिन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में मेजबान टीम ने ऊर्जा के साथ शुरुआत की। उन्हें इसका इनाम तब मिला, जब अर्दा गुलेर ने 20वें मिनट में एक बेहतरीन फ्री-किक से गोल कर दिया। हालांकि, दस मिनट बाद ही वे पिछड़ गए और फिर वापसी नहीं कर सके। पिछले मैच में दो गोल करने वाले केविन डी ब्रुने ने जेरेमी डोकू के शानदार क्रॉस पर गोल दागा। इसके बाद चार्ल्स डी केटेलेरे ने मैक्सिम डी कुइपर के पास (कट-बैक) को गोल में बदलकर बेल्जियम की जीत पक्की कर दी। अब बेल्जियम का आखिरी मैच इटली के खिलाफ होगा।

न्यूजीलैंड ने भारत को 244 रनों से रौंदा, मात्र 89 रन पर सिमटी टीम इंडिया; शून्य पर आउट हुए रोहित-कोहली और अय्यर



माउंट माउंगानुई (आरएनएस)। न्यूजीलैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चौथे वनडे मुकाबले में टीम इंडिया को 244 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया है। न्यूजीलैंड से मिले 334 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की पूरी टीम मात्र 26.4 ओवर में 89 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। मैट हेनरी ने पारी के पहले ही ओवर में रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर को बिना खाता खोले पवेलियन भेजा। इसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और वह 5 रन बनाकर आउट हुए। 9 के स्कोर पर 4 विकेट गंवाने के बाद भारतीय पारी को ईशान किशन और अक्षर पटेल ने थोड़ी देर तक संभालने का प्रयास किया। हालांकि, ईशान 53 गेंदों का सामना करने के बाद 27 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, अक्षर 36 गेंदों में 21 रन बनाने के बाद मैथ्यू फिशर का शिकार बने।आकिब नबी और कुलदीप यादव भी सस्ते में आउट हुए। नमन धीर 24 गेंदों में 21 रन बनाने के बाद मैथ्यू फिशर का शिकार बने। गुरनूर बरार 2 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड की ओर से गेंदबाजी में मैट हेनरी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 9.4 ओवर में महज 27 रन देकर 6 विकेट लिए। वहीं, मैथ्यू फिशर ने 3 विकेट अपने नाम किए। इससे पहले, न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवर में 333 रन बनाकर ऑलआउट हुई। मेजबानों की तरफ से विल यंग ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 108 गेंदों में 125 रनों की दमदार पारी खेली। वहीं, टिम सीफर्ट ने 58 रनों का योगदान दिया। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी निभाई। निक केली (4 रन) और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट (8 रन) बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके।फिन एलन ने 30 गेंदों में 41 रनों का योगदान दिया। अंत के ओवरों में मिचेल सैंटनर ने 24 और क्रिस्टियन क्लार्क ने 22 रनों की अहम पारी खेली। वहीं, काइल जेमिसन 19 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की तरफ से गेंदबाजी में आकिब नबी, गुरनूर बरार और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट चटकाए।

नेशंस लीग : ऐतिहासिक मुकाबले में हैरी केन का शानदार प्रदर्शन, जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड

नई दिल्ली (आरएनएस)। हैरी केन ने अपने ऐतिहासिक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 2-1 से हराकर यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। केन इंग्लैंड की पुरुष टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपना 126वां मैच खेला और देश के लिए अपना 92वां गोल करके इस मौके का शानदार जश्न मनाया। उन्होंने 64वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल किया। मॉर्गन रोजर्स ने पहले हाफ में इंग्लैंड को बढ़त दिलाई थी। हालांकि, एक घंटे का खेल पूरा होने से ठीक पहले पेटार सुसिक ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके पांच मिनट बाद केन ने पेनल्टी के जरिए गोल दागते हुए अपना 126वां मैच यादगार बना दिया। बाद में क्रोएशिया ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन निकोला व्लासिक का शॉट थोड़ा बाहर चला गया, और एंटे बुदिमिर के शॉट को जैरेल क्वानसा ने एक अहम ब्लॉक के जरिए रोक दिया। मैच से पहले हैरी केन आकर्षण का केंद्र रहे।

सैंडपेपर विवाद पर कमिंस की प्रेस कॉन्फ्रेंस का लैंगर ने किया समर्थन, बोले- फिर से संकट में है ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट

पर्थ (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हेड कोच जस्टिन लैंगर ने सैंडपेपर-गेट मामले पर मीडिया के सामने आकर अपना पक्ष रखने के पैट कमिंस के फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा टेस्ट कप्तान का अपना पक्ष रखना सही था, खासकर ऐसे समय में जब 2018 के इस स्कैंडल ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में फिर से तूफान खड़ा कर दिया है। उस्मान ख्वाजा की आत्मकथा सब्र के आने के बाद केप टाउन बॉल-टैम्परिंग मामले पर फिर से सवाल उठने लगे हैं, जिसके चलते शुक्रवार को कमिंस ने एक लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कमिंस ने इस बात से इनकार किया कि उन्हें बॉल पर सैंडपेपर का इस्तेमाल करने की योजना के बारे में पहले से कोई जानकारी थी या वह इसमें शामिल थे। उन्होंने ख्वाजा के इस दावे को भी पूरी तरह से बकवास करार दिया कि केप टाउन में क्या हो रहा था, इसके बारे में पूरे ऑस्ट्रेलियाई खेमे को पता था।

लैंगर ने कहा कि कमिंस ने बिल्कुल सही कदम उठाया है। सेन रेडियो पर लैंगर ने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने वही किया जो उन्हें करना चाहिए था। वह मजबूत लीडर हैं। वह आगे आकर जिम्मेदारी लेते हैं। जाहिर है, यह फिर से एक संकट की स्थिति बन गई है।

सैंडपेपर विवाद पर कमिंस की प्रेस कॉन्फ्रेंस का लैंगर ने किया समर्थन, बोले- फिर से संकट में है ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट

पर्थ (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हेड कोच जस्टिन लैंगर ने सैंडपेपर-गेट मामले पर मीडिया के सामने आकर अपना पक्ष रखने के पैट कमिंस के फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा टेस्ट कप्तान का अपना पक्ष रखना सही था, खासकर ऐसे समय में जब 2018 के इस स्कैंडल ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में फिर से तूफान खड़ा कर दिया है। उस्मान ख्वाजा की आत्मकथा सब्र के आने के बाद केप टाउन बॉल-टैम्परिंग मामले पर फिर से सवाल उठने लगे हैं, जिसके चलते शुक्रवार को कमिंस ने एक लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कमिंस ने इस बात से इनकार किया कि उन्हें बॉल पर सैंडपेपर का इस्तेमाल करने की योजना के बारे में पहले से कोई जानकारी थी या वह इसमें शामिल थे। उन्होंने ख्वाजा के इस दावे को भी पूरी तरह से बकवास करार दिया कि केप टाउन में क्या हो रहा था, इसके बारे में पूरे ऑस्ट्रेलियाई खेमे को पता था।लैंगर ने कहा कि कमिंस ने बिल्कुल सही कदम उठाया है। सेन रेडियो पर लैंगर ने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने वही किया जो उन्हें करना चाहिए था। वह मजबूत लीडर हैं। वह आगे आकर जिम्मेदारी लेते हैं। जाहिर है, यह फिर से एक संकट की स्थिति बन गई है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट एक बार फिर संकट में है।

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मुकाबले दर्शकों के लिए होंगे निःशुल्क

भोपाल में 19 से 28 नवंबर तक होगा नौवां संस्करण, टिकटजिनी वेबसाइट और मोबाइल ऐप से प्राप्त कर सकेंगे प्रवेश पास

नई दिल्ली, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भोपाल के सभी मुकाबलों में दर्शकों को नि:शुल्क प्रवेश मिलेगा। टूर्नामेंट का नौवां संस्करण 19 से 28 नवंबर तक भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान कुल 20 मुकाबले खेले जाएंगे।हॉकी इंडिया के अनुसार दर्शक नि:शुल्क प्रवेश पास प्राप्त करने के लिए टिकटजिनी की वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके बाद मुकाबलों की सूची में से अपनी पसंद के मैच का चयन कर डिजिटल प्रवेश पास हासिल किया जा सकेगा। इस पास पर क्यूआर कोड होगा, जिसे स्टेडियम में प्रवेश के समय स्कैन कराना अनिवार्य होगा। टूर्नामेंट के लीग चरण के मुकाबले 19 से 25 नवंबर तक खेले जाएंगे। इसके बाद 27 नवंबर को



सेमीफाइनल मुकाबले होंगे, जबकि 28 नवंबर को पदक के लिए मुकाबले खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य देश में हॉकी के माहौल को और मजबूत करना, उभरती प्रतिभाओं को अधिक अवसर देना और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं को आम दर्शकों तक पहुंचाना है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि दर्शकों के लिए प्रवेश नि:शुल्क करना भोपाल के लोगों को अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी के करीब लाने का शानदार तरीका है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि मध्य प्रदेश महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ऐसा आयोजन बने, जहां परिवार, युवा खिलाड़ी और हॉकी प्रेमी शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा के रोमांच का अनुभव कर सकें। हॉकी इंडिया के महासचिव और एशियाई हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष भोला नाथ सिंह ने कहा कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सभी मुकाबलों को बिना किसी प्रवेश शुल्क के दर्शकों के लिए उपलब्ध कराते हुए उन्हें खुशी हो रही है। उन्होंने कहा, भोपाल के लोगों को एशिया की कुछ बेहतरीन महिला हॉकी खिलाड़ियों को खेलते हुए देखने का अवसर मिलेगा।

किसानों के सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई में कांग्रेस ने सांसद निवास का किया घेराव

कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन, किसानों के अपमान को लेकर जताया आक्रोश



नर्मदापुरम (निप्र)। किसानों के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेशभर में भाजपा सांसदों के निवास पर घेराव एवं विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया है। इसी क्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी के निवास पर कांग्रेसजनों घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया ।इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय की उपस्थिति में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसान कांग्रेस के सदस्य एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों ने किसानों के साथ हो रहे अन्याय, उनकी समस्याओं और किसानों के सम्मान से जुड़े मुद्दों को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त किया तथा भाजपा सरकार और सांसद के समक्ष किसानों की आवाज बुलंद की। गुड्डन पांडेय ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश का अन्नदाता दिन-रात मेहनत कर पूरे देश का पेट भरता है, लेकिन उसी किसान को अपनी मांगों और अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। किसानों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है और उनके हक एवं सम्मान की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक पूरी मजबूती से लड़ती रहेगी।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी हो रही है। कांग्रेस पार्टी किसानों की आवाज को दबने नहीं देगी और जब तक किसानों को न्याय एवं सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने स्पष्ट संदेश दिया कि अन्नदाता के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी किसानों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर आंदोलन करती रहेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कपिल फौजदार,वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल, नेता प्रतिपक्ष अनोखी लाल राजोरिया, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष बाबू चौधरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा,फैजान उलहक, मिर्जा वेग, गुलाम मुस्तफा, इटारसी नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी,जिला इंटक अध्यक्ष शेख रमजान,जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, अखिलेश पटेल सचिन जैन ,नवल पटेल, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष अतुल तिवारी,बसंत आसरे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष तोमर , पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष अजीत बिष्ट कपिल यादव मोहन वेद्य संतोष बामने, पुष्प लता जायसवाल शेलेन्द्र गुरु माखन नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर संतोष अहिरवार आजाद भाटिया,राजेंद्र गोस्वामी, बल्ला यादव राजकुमार यादव आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

कलेक्टर के निर्देश पर सीएमओ ने ली स्वच्छता कर्मियों की बैठक

सीएमओ की सख्ती: 8 घंटे काम नहीं किया तो कटेगा वेतन, घाटों पर गंदगी मिली तो नपेंगे सुपरवाइजर

नर्मदापुरम (निप्र)। शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका प्रशासन अब सख्त मूड में आ गया है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 01 से 08 तक के सफाई कर्मचारियों और सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक ली गई। ऐसी ही समीक्षा बैठक नगर के सभी 33 वार्डों की होगी। इस दौरान उन्होंने वार्डवार सफाई व्यवस्था की हकीकत जानने के लिए कर्मचारियों से वन-टू-वन चर्चा की और सभी की कार्यस्थल लोकेशन दर्ज कराई। बैठक में स्वच्छता नोडल अधिकारी अनुराग तिवारी, विशाल शर्मा, सतीश यादव सहित समस्त वार्डों के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

अंतिम चेतावनी: गंदगी मिली तो कार्रवाई तय

सीएमओ देशमुख ने नर्मदा घाटों पर पर्याप्त सफाई नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यह अंतिम चेतावनी है। इसके बाद घाटों या वार्डों में गंदगी मिलने पर संबंधित सुपरवाइजर और कर्मचारियों पर सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि जो कर्मचारी अपनी जो लोकेशन दर्ज करा रहे हैं, उन्हें निर्धारित समय पर उसी स्थान पर मौजूद रहना होगा।

8 घंटे की ड्यूटी अनिवार्य, औचक निरीक्षण करेंगे अधिकारी

बैठक में काम के घंटों को लेकर मिल रही शिकायतों पर सीएमओ ने दो-टूक कहा कि दो या चार घंटे काम करने की प्रवृत्ति अब नहीं चलेगी। हर हाल में कर्मचारियों को 8 घंटे की ड्यूटी पूरी करनी होगी। उन्होंने बताया कि कलेक्टर महोदय ने आदेशित किया है कि जिला स्तरीय टीम गठित की जाएगी जो मैदान में उतरकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण और कार्यों का मूल्यांकन करेगी।

बिना सूचना अवकाश पर कटेगा वेतन

सीएमओ ने अवकाश को लेकर भी नियम सख्त कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिना पूर्व सूचना या नियमानुसार स्वीकृति के छुट्टी पर जाने वाले कर्मचारियों को गैर-हाजिर मानकर उनका वेतन काटा जाएगा। इस व्यवस्था के तहत आउटसोर्स, विनियमित और स्थायी—सभी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की गई है। उन्होंने कर्मचारियों को आधुनिक मशीनों का उपयोग कर बदलते समय के अनुरूप जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए।

नर्मदापुरम में अवैध शराब के खिलाफ जिलेभर में संयुक्त अभियान, 32 प्रकरण दर्ज, 9 लाख की शराब-लाहन जब्त



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के साथ राजस्व, पुलिस और आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक के बाद जिले में अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई की गई। शुक्रवार को हुई कार्रवाई में जिलेभर में कुल 32 प्रकरण म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत कायम किए गए। इस दौरान 248 लीटर कच्ची हाथभट्टी मदिरा, 6400 किलो लाहन और 175 लीटर देशी-विदेशी मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 9 लाख 15 हजार रुपए है।तीनों विभागों की संयुक्त कार्यवाही में इटारसी में 8 प्रकरण, 85 लीटर कच्ची शराब और 800 किलो लाहन जब्त। नर्मदापुरम कोतवाली अंतर्गत 5 प्रकरण, 38 लीटर कच्ची शराब और 1300 किलो लाहन।

बाल दिवस पर शिक्षक शिक्षिकाओं की प्रस्तुतियों ने जीता बच्चों का दिल, खेल-गीत और मस्ती के रंगों में रंगा स्प्रिंगडेल्स स्कूल

पूल लंच और मनोरंजक गतिविधियों के बीच विद्यार्थियों ने मनाया खुशियों भरा बाल दिवस

नर्मदापुरम (निप्र)। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल, नर्मदापुरम में 13 नवंबर 2026 को बाल दिवस हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ मनाया । बच्चों के लिए आयोजित इस विशेष समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि विद्यार्थी खुशी से झूम उठे। प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण से शुभारंभ हुआ इस अवसर पर उन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बच्चों के प्रति विशेष स्नेह और प्रेम को याद करते हुए कहा कि बच्चे केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे अनमोल धरोहर हैं। उनकी जिज्ञासा, कल्पनाशीलता और सपने ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास बच्चों के सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने, नए अनुभवों से सीखने और जीवन में सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए बाल दिवस की शुभकामनाएँ दीं।



समारोह का मुख्य आकर्षण शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। उन्होंने मनमोहक नृत्य, मनोरंजक नाटिका और मधुर गीतों की प्रस्तुतियों से बच्चों का खूब मनोरंजन किया। प्रतिदिन कक्षा में पढ़ाने वाले शिक्षकों को मंच पर एक नए और मनोरंजक अंदाज में देखकर विद्यार्थी उत्साह से भर उठे। पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और बच्चों की खुशियों से गूंज उठा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों, डांस और रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। पूल लंच कार्यक्रम ने उत्सव की खुशियों को दोगुना कर दिया। बच्चों ने अपने मित्रों और शिक्षकों के साथ सामूहिक भोजन का आनंद लेते हुए दिनभर मस्ती और उल्लास के पल बिताए। विद्यालय परिसर पूरे दिन हँसी, संगीत और खुशियों से सराबोर रहा।डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी ने अपने संदेश में कहा कि बचपन जीवन का वह खूबसूरत दौर है, जहाँ सपने आकार लेते हैं और प्रतिभा को उड़ान मिलती है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक बच्चे को ऐसा सुरक्षित, प्रेरणादायक और आनंदमय वातावरण मिले, जहाँ वह बिना किसी संकोच के अपनी क्षमताओं को पहचान सके और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि बच्चों की मुस्कान, उनकी उपलब्धियाँ और उनका उज्ज्वल भविष्य ही विद्यालय की वास्तविक सफलता है। बाल दिवस जैसे आयोजन बच्चों को यह एहसास कराते हैं कि उनकी खुशियाँ, भावनाएँ और प्रतिभाएँ विद्यालय के लिए सर्वोपरि हैं। कार्यक्रम का सफल आयोजन जनरल मैनेजर श्रीमती सोनल सोखी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम प्रभारी निवेदिता मिश्रा,नीलेश पांडेय, अंजलि पटेल, विश्वजीत यादव, रितु कपूरे, एवं रेणुका चौरे का विशेष सहयोग रहा।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने मोहासा औद्योगिक क्षेत्र का किया भ्रमण, उद्योगों की उत्पादन गतिविधियों का लिया जायजा

औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन की संभावनाओं पर की चर्चा




नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने शुक्रवार को मोहासा औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कर वहां संचालित औद्योगिक गतिविधियों एवं उद्योग स्थापना की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों के विकास, निवेश की संभावनाओं तथा आगामी समय में उद्योगों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में एमपीआईडीसी के प्रतिनिधियों से चर्चा कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान ग्रू सोलर एनर्जी के प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कंपनी में उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए सोलर फोटोवोल्टाइक मॉड्यूल्स के निर्माण की प्रक्रिया को समझा। उन्होंने कंपनी के अधिकारियों से प्लांट की उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता मानकों, रोजगार सृजन तथा भविष्य में उत्पादन क्षमता के विस्तार की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स के परिसर का भ्रमण किया। यहां उन्होंने कंपनी के प्रतिनिधियों से प्रतिदिन होने वाले उत्पादन तथा मेडिकल एवं औद्योगिक उपयोग के लिए तैयार किए जाने वाले उत्पादों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि प्लांट में वर्तमान में नाइट्रोजन, ऑक्सीजन एवं आर्गन का लिक्विड रूप में उत्पादन किया जा रहा है।

तवा नदी के कछार पर डांगरवाड़ी खेती करने वाले किसानों को भी मिल रही है खाद

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ के निर्देश और उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में रबी सीजन में ऐसे किसानों को भी खाद उपलब्ध कराई जा रही है, जिनकी एग्री स्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी नहीं बन पाई है। जिले में ई-विकास पोर्टल के एक्सेप्शनल हैंडलिंग के माध्यम से यह सुविधा दी जा रही है। अभी तक रबी सीजन में 22,921 ऐसे कृषक चिन्हित किए गए हैं जिनकी फार्मर आईडी नहीं बनी थी, उन्हें भी खाद वितरित की जा रही है। एक्सेप्शनल हैंडलिंग में रजिस्ट्री विहीन किसान, डूब क्षेत्र के किसान, प्लांटेशन-नर्सरी, मृत किसान के वारिस, मंदिर ट्रस्ट की जमीन पर खेती करने वाले, वन पट्टा और सिकमी किसानों को शामिल किया गया है।

द चेम्पस फन स्कूल निदेशक जूही चटर्जी को पितृ शोक



नर्मदापुरम (निप्र)। द चेम्पस फन स्कूल की निदेशक श्रीमती जूही चटर्जी के पिताश्री एवं डॉ. आशीष चटर्जी के ससुर अरूण कुमार गोस्वामी का शुक्रवार शाम 4 बजे देवलोक गमन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 14. नवंबर, शनिवार - प्रात: 11:00 बजे चटर्जी निवास, नर्मदा नगर, नर्मदापुरम से राजघाट की ओर रवाना होगी।ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति दे।

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पिपरिया जिला नर्मदापुरम

प्ररूप-ख

(मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि की उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) नियम, 2013 के नियम 5 का उपनियम (2) देखिए)

रा.प्र.क्र./0007/अ-82/2025-26 नर्मदापुरम, दिनांक

अतएव, राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से स्वचालित स्प्रिंकलर/ड्रिप प्रणाली से सिंचाई बावत् पानी परिवहन हेतु ग्राम गुमा प.ह.नं. 07 तहसील बनखेडी जिला नर्मदापुरम में कार्यपालन यंत्री रानी अवंतीबाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर द्वारा भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाई जाए।

और अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि में, जिसमें भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव, मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 (क्रमांक 5 सन् 2013) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर, भूमि के नीचे पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया जिला नर्मदापुरम मध्यप्रदेश को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

-: अनुसूची :-

जिला	तहसील	ग्राम/पटवारी हल्का क्रमांक	खसरा क्रमांक	उपयोग के अधिकार के लिये जाने वाली भूमि (हेक्टेयर में)
01	02	03	04	05
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	18/1/1/1	0.032
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	18/6	0.008
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	18/3	0.004
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	17	0.006
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	20	0.008
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.न. 07	25/3	0.020
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	25/4	0.011
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	25/5	0.016
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	90/1	0.016
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	86/2	0.013
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	86/3	0.038
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	135/1/1	0.016
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	135/2	0.016
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	135/3	0.012
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	134/1	0.003
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	134/2	0.011
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	137/1	0.003
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	157/1	0.016
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	157/2	0.008
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	157/3	0.016
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	155	0.002
कुल योग			21	0.275

जी/21409/26

(आकिप खान)
सक्षम प्राधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व
पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के नर्मदा महाविद्यालय में शिविर आयोजित हुआ

स्वामित्व योजना के तहत 8 हितग्राहियों को मिली निशुल्क रजिस्ट्री, विभिन्न योजनाओं के हितलाभ भी वितरित

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत के तहत शुक्रवार को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में जनसंवाद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अभियानों की जानकारी दी। साथ ही नागरिकों ने अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

शिविर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, मध्य प्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य भारत सरकार विकास नारोलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर में स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्राम डोंगरवाड़ा के 8 हितग्राहियों को उनके आवासीय भूखंडों की निशुल्क रजिस्ट्री प्रदान की गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवेंद्र प्रताप सिंह ने योजना की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम डोंगरवाड़ा में अब तक 92 प्रतिशत हितग्राहियों के पंजीयन किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविरों से पूर्व सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त 3395 शिकायतों का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत 4800 से अधिक प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा से पूर्व ही निराकरण सुनिश्चित किया गया है।उद्यम संवाद में हितग्राहियों ने साझा किए सफलता के अनुभवशिविर में उद्यम संवाद सत्र का आयोजन भी किया गया। इसमें समीपस्थ क्षेत्रों से पहुंचे विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों एवं युवा उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए।

उन्होंने बताया कि किस प्रकार शासन की योजनाओं से प्राप्त ऋण, आर्थिक सहायता एवं अन्य सुविधाओं का लाभ लेकर उन्होंने अपने व्यवसाय एवं उद्यम प्रारंभ किए तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया। उद्यमियों ने उपस्थित नागरिकों को अपने संस्थान एवं व्यवसाय की जानकारी देते हुए युवाओं से स्वरोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। एमएसएमई योजना से लाभान्वित प्रदीप सैनी, पीएमएफएमई से लाभान्वित रूप सिंह राजपूत और गौरव दुबे, एनयूएलएम से लाभ प्राप्त करने पर कविता राजपूत और विनीता प्रजापति ने अपने अनुभव उपस्थित नागरिकों से साझा किए। यशस्वी संवाद के तहत दुर्गेश अहिरवार, शिवांश मिश्रा, धर्मेंद्र कटारे एवं कविता बैरागी ने भी शिविर के दौरान नागरिकों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों से संवाद कर अपने-अपने अनुभव साझा किये।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा "शिवरानी भवन", क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com